राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 71
लखनऊ, मंगलवार 11 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता व प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य 03

किसानों को न हो कोई असुविधा : मण्डलायुक्त 12

मुख्यमंत्री योगी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एकता यात्रा के शुभारंभ पर कहा

# स्कूलों में 'वंदेमातरम्' का गायन अब अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि प्रदेश भर के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम्' का गायन नियमित व अनिवार्य रूप करना सुनिश्चित किया जाएगा। 'वंदे मातरम्' हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम में किसी बदलाव का प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा। वंदे भारतम का विरोध करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

सोमवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत रत्न से विभूषित एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एकता यात्रा के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित सभा में वंदे मातरम में संशोधन और विरोध को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधा प्रहार किया। योगी ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं, और 'वंदे मातरम' हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम का विरोध करने का कोई मतलब नहीं है। राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं है। कुछ लोगों के लिए मत और मजहब ऊपर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी सांप्रदायिक बताकर कांग्रेस ने उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा था कि यह पांच और छह छंद का क्यों पढ़ना है, दो छंद में ही हो इसे पूरा किया जाए। जिस वंदे मातरम को कांग्रेस के 1896-97 के अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने स्वर में गाया था। वंदे मातरम का 1923 के अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली जौहर ने विरोध किया था। उन्होंने वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया था और वंदे मातरम का गान शुरू होते ही अध्यक्ष की कुर्सी से उठकर के चले गए थे। वंदे मातरम का इस प्रकार का विरोध भारत के विभाजन का दुर्भाग्यपूर्ण कारण बना था। उन्होंने कहा कि यह वही लोग हैं जो भारत की अखंडता के शिल्पी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती के कार्यक्रम में शामिल में नहीं होते लेकिन जिन्ना को सम्मान देने के किसी कार्यक्रम में शर्मनाक तरीके से शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि आज उग्रवाद, नक्सलवाद, आतंकवाद से लगातार भारत की एकता और अखंडता को चुनौती मिल रही है। जो लोग भारत के राष्ट्रीय महापुरुषों, क्रांतिकारियों का अपमान करते हैं, वह प्रकारांतर में उन अलगाववादी ताकतों के दुस्साहस को बढ़ाने का ही कार्य करते हैं जिनके कारण भारत की एकता और राष्ट्रीयता को चुनौती मिलती है।



### जाति व भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश, अब भारत में कोई जिन्ना नहीं होगा पैदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अगर उस समय मोहम्मद अली जौहर को अध्यक्ष पद से बेदखल करके वंदे मातरम के माध्यम से भारत की राष्ट्रीयता का सम्मान किया होता तो भारत का विभाजन नहीं हुआ होता। योगी ने कहा कि यह गीत धरती माता की उपासना का गीत है। भारत का ऋषि तो हमेशा सबका आह्वान करता रहा है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। पुत्र होने के नाते अगर मां के सम्मान में कहीं कोई चुनौती आती है हमारा दायित्व बनता है कि हम उसके खिलाफ खड़े हों। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे हो चुके हैं और इसे बदलने का कोई प्रयास सफल नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश हो रही है। नये जिन्ना को पैदा करने की कोशिश हो रही है। अब भारत में कोई जिन्ना पैदा नहीं होगा। अगर जिन्ना पैदा होता है तो उसे दफन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब बड़ा हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वास्तव में ऐसे ही इस तरह के लोग संदेह के दायरे में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 1947 में देश के विभाजन का कारण बनी थी। आज अखिल भारतीय स्तर पर वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन प्रारंभ हुए तो फिर वही विरोध के स्वर फूटना प्रारंभ हो गए।

## दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में धमाका, 10 लोगों की मौत




एजेंसी

▸ 24 लोग घायल, दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। ब्लास्ट में 10 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि सोमवार शाम 6.52 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती में कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं।

घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। पीएम मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की और जानकारी ली।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,23,970/ |
| 22 कैरेट | = | 1,13,650/ |
| 18 कैरेट | = | 93,020/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,57,500/ |



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने कवि आंदे श्री के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के प्रखर कवि और विचारक आंदे श्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से हमारे सांस्कृतिक और बौद्धिक परिदृश्य में एक गहरा शून्य पैदा हो गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, आंदे श्री के निधन से हमारे सांस्कृतिक और बौद्धिक परिदृश्य में एक गहरा शून्य पैदा हो गया है। उनके विचार तेलंगाना की आत्मा को प्रतिबिंबित करते थे। एक प्रखर कवि और विचारक होने के नाते, वे लोगों की आवाज़ थे, उनके संघर्षों, आकांक्षाओं और अमर भावना को व्यक्त करते थे। उनके शब्दों में दिलों को झकझोरने, आवाज़ों को एकजुट करने और समाज की सामूहिक धड़कन को आकार देने की शक्ति थी। जिस तरह से उन्होंने सामाजिक चेतना को काव्यात्मक सौंदर्य के साथ मिश्रित किया, वह अद्भुत था। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।

### यूपीएससी ने सितंबर माह के भर्ती परिणाम जारी किए

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सितंबर 2025 में संपन्न विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। आयोग के अनुसार, चयनित उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से डाक के माध्यम से सूचित किया गया है। आयोग ने बताया कि अन्य अभ्यर्थियों के आवेदन भी नियमानुसार विचाराधीन रहे, परंतु सीमित रिक्तियों के कारण सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना या अनुशंसा करना संभव नहीं हो सका। यूपीएससी द्वारा जारी यह परिणाम संबंधित भर्ती प्रक्रियाओं की अंतिम अनुशंसा सूची के आधार पर तैयार किए गए हैं।

### दिल्ली में बेहद खराब श्रेणी में हवा की गुणवत्ता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह धुंध छाई रही। इसी के साथ वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही और कई इलाकों में दृश्यता भी कम रही। सीपीसीबी के आकड़ों के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 345 दर्ज किया गया। 'समीर' एप के मुताबिक बवाना में एक्यूआई 411 दर्ज किया गया जोकि बहुत गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं वजीरपुर में एक्यूआई 397 दर्ज किया गया। दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों में से बवाना स्थित एक केंद्र ने वायु गुणवत्ता के गंभीर श्रेणी में रहने के साथ अन्य केंद्रों ने इसके शबहुत खराब श्रेणी में रहने की सूचना दी।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

▸ दो पिस्तौल, एके-सीरीज की दो राइफलें, 2,900 किलो विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में कई राज्यों में संयुक्त तलाशी के दौरान सात प्रमुख आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान दो पिस्तौल, एके-सीरीज की दो राइफलें, 2,900 किलो विस्फोटक और आईईडी बनाने वाली सामग्री के साथ ही एक चाइनीज स्टार पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल समेत अन्य ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान श्रीनगर के नौगाम निवासी आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, श्रीनगर के नौगाम निवासी यासिर-उल-अशरफ, श्रीनगर के नौगाम निवासी मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, शोपियां की एक मस्जिद के इमाम मौलवी इरफान अहमद, गंदरबल के वाकुरा निवासी जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, पुलवामा के कोइल निवासी डॉ. मुज़म्मिल अहमद गनई उर्फ मुसैब और कुलगाम के वानपोरा निवासी डॉ. अदील के रूप में हुई है। इस नेटवर्क से जुड़े और लोगों की पहचान की गई है और उन्हें पकड़ने का प्रयास जारी हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई 19 अक्टूबर को श्रीनगर के बनपोरा नौगाम में विभिन्न स्थानों पर पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकी देने वाले जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर चिपकाए जाने के बाद की गई। इसके बाद नौगाम पुलिस स्टेशन में यूएपीए अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम सहित कई धाराओं के तहत एफआईआर संख्या 162/2025 दर्ज की गई और एक उच्च-स्तरीय जांच शुरू की गई। जांच में अधिकारियों द्वारा सफेदपोश आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र का पता चला है जो कट्टरपंथी पेशेवरों और छात्रों से जुड़ा एक नेटवर्क है।



### दिल्ली पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, 260 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पश्चिमी रेंज ने नशे के कारोबार और अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए 260 अफ्रीकी नागरिकों को पकड़ा है। रविवार को पूरे दिन चले इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' रखा गया। इस दौरान पुलिस ने न केवल विदेशी नागरिकों की दस्तावेज़ जांच की, बल्कि मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है जिन्होंने बिना सूचना विदेशी नागरिकों को किराये पर मकान दे रखे थे। पुलिस के अनुसार, विशेष पुलिस आयुक्त जोन-2 मधुप तिवारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त जतिन नरवाल के निर्देशन में यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में द्वारका, पश्चिमी और बाहरी जिलों की कुल 30 टीमों ने भाग लिया।

## आईएसआईएस के निशाने पर था आरएसएस लखनऊ कार्यालय

### गुजरात में पकड़े गए आतंकियों ने किया बड़ा खुलासा, दिल्ली के लिए भी रची गई थी साजिश

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के गांधीनगर और पालनपुर से गिरफ्तार किए गए तीन आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) आतंकियों के बारे में एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इन गिरफ्तार आतंकियों ने लखनऊ स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय और दिल्ली के आजादपुर बाजार की रेकी की थी। तीनों आतंकी सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में आए और बदला लेना है, कुछ करना है, कई मुसलमानों को इकट्ठा करना है जैसी बातें करते थे।

आतंकी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल ने पहले भी अहमदाबाद के संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाली जगहों की रेकी की थी। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने बीते दिन केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में अहमदाबाद के पास से आईएसआईएस से जुड़े इन तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। ये आतंकी गुजरात और देश भर में बड़े आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इनकी पहचान आजाद सुलेमान शेख, मोहम्मद सुहैल और अहमद मोहिउद्दीन सैयद के रूप में हुई। ये आतंकी लखनऊ स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय और दिल्ली के भीड़भाड़ वाले आजादपुर बाजार की टोह ले रहे थे। दोनों ही जगहों को आतंकी हमले के संभावित ठिकानों के तौर पर चुना गया था। जांच में पता चला है कि शेख और सुहैल ने राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार इकट्ठा करके गांधीनगर के एक कब्रिस्तान में छिपा दिए थे। इसी बीच हैदराबाद निवासी मोहिउद्दीन इन हथियारों के साथ लौटने ही वाला था, लेकिन गुजरात एटीएस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 4 विदेशी पिस्तौल, 30 कारतूस और 40 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। मोहिउद्दीन के मोबाइल फोन की जांच से उसके दो साथियों के संपर्क और पूरे मॉड्यूल की गतिविधियों का पता चला है।



### फरीदाबाद से आतंकी गिरफ्तार अमोनियम नाइट्रेट बरामद

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले के धौज गांव से दिल्ली, हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में डा. मुजम्मिल नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ एवं हथियार बरामद किए गए हैं पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आतंकवादी डा. मुजम्मिल फरीदाबाद के ही धौज गांव स्थित अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह आतंकवादी 10 दिन पहले पकड़ा गया था। आतंकवादी से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर जहां उसने कमरा किराए पर लिया था, वहां से 360 किलोग्राम रसायनिक पदार्थ बरामद किया है।

## पाक सेना प्रमुख को मिलेगी और अधिक ताकत, सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां सीमित

एजेंसी

▸ सुप्रीम कोर्ट की भूमिका सीमित करने वाला संवैधानिक संशोधन पारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद के उच्च सदन सीनेट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दी, जिसके तहत सेना प्रमुख को और अधिक अधिकार दिए जाएंगे तथा सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को सीमित किया जाएगा।

विपक्षी दलों ने इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बताया है। यह विधेयक विपक्ष के बहिष्कार के बीच केवल तीन घंटे में पारित किया गया और अब इसे कानून बनने से पहले राष्ट्रीय विधानसभा (नेशनल असेंबली) में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस का नया पद दिया जाएगा, जिसके तहत वे थलसेना, वायुसेना और नौसेना – तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर बन जाएंगे। इस व्यवस्था के बाद ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद समाप्त कर दिया जाएगा। संशोधन में जनरल मुनीर को उनके कार्यकाल के बाद भी रैंक बनाए रखने और आजीवन कानूनी प्रतिरक्षा (लीगल इम्युनिटी) देने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें अपना पसंदीदा फील्ड मार्शल÷ बताया था। संविधान में प्रस्तावित बदलावों के अनुसार, पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट अब संवैधानिक मामलों की सुनवाई नहीं करेगा।

### पश्चिम चंपारण में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर दो एफआईआर दर्ज

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिला प्रशासन ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के दो अलग-अलग मामलों में कड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस और भाजपा, दोनों दलों के प्रत्याशियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहला मामला चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के मनुआपुल थाना क्षेत्र का है, जहां उड़नदस्ता दल प्रभारी एवं अंचलाधिकारी चनपटिया के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी वसी अहमद को बिना अनुमति के निर्धारित मार्ग से बाहर जुलूस निकालते हुए पाया गया। वसी अहमद लगभग 100 वाहनों के काफिले और हजारों समर्थकों के साथ छावनी की ओर से मनुआपुल चौक तक पहुंचे। अनुमति की सीमा से आगे बढ़कर जुलूस निकालना आचार संहिता और विधि-व्यवस्था दोनों का उल्लंघन माना गया।

## उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण याचिका पर केन्द्र से मांगा जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है।


न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ÷प्रस्तावना राजनीतिक और सामाजिक समानता की बात करती है। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं, लगभग 48 प्रतिशत। यह महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। यह जनहित याचिका कांग्रेस नेता डॉ. जया ठाकुर द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने न्यायालय से आग्रह किया है कि वह किसी नए परिसीमन की प्रक्रिया का इंतज़ार किए बगैर महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने का निर्देश दे । नए परिसीमन की प्रक्रिया वर्तमान में कानून में एक पूर्व शर्त है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने दलील दी कि आज़ादी के 75 साल बाद भी महिलाएं कानून बनाने वाली संस्थाओं में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं।

### 4जी, 5जी व सैटेलाइट नेटवर्क में सुधार के लिए इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा शुरू

**नई दिल्ली।** देश में दूरसंचार सेवाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और भविष्य की तकनीकों के अनुरूप बनाने के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इंटरकनेक्शन से जुड़े मौजूदा नौ नियमों की समीक्षा शुरू करते हुए ÷इंटरकनेक्शन मामलों पर मौजूदा ट्राई विनियमों की समीक्षा÷ शीर्षक से एक परामर्श पत्र जारी किया। इस कदम से 4जी, 5जी और सैटेलाइट नेटवर्क जैसी नई तकनीकों को मौजूदा प्रणाली में बेहतर ढंग से जोड़ा जा सकेगा, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलेंगी। ट्राई के अनुसार, यह समीक्षा इंटरकनेक्शन ढांचे को तकनीकी और व्यावहारिक रूप से शामिल करने के लिए की जा रही है, ताकि विभिन्न सेवा प्रदाताओं के बीच बेहतर तालमेल और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके।

## शहरी सहकारी बैंक बनें आकांक्षी युवाओं व निम्न वर्ग के सशक्तीकरण का आधार : शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश के शहरी सहकारी बैंक अब आकांक्षी युवाओं, छोटे व्यापारियों और निम्न वर्ग के लोगों के सशक्तीकरण के लिए अग्रणी भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि नैफकब और अन्य शहरी सहकारी संगठन एक 'नैतिक दिशानिर्देश जारी करें, जिसके आधार पर प्रत्येक बैंक अपने वित्तीय ढांचे को पुनः डिजाइन कर सके। शाह यहां राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक एवं ऋण समिति महासंघ (नैफकब) और सहकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'को-ऑप कुंभ 2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी सहकारी बैंक और ऋण समितियां हाल के वर्षों में नए उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ी हैं। उन्होंने अमूल और इफ्को को अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा विश्व रैंकिंग में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। शाह ने कहा कि यह दर्शाता है कि सहकारिता की अवधारणा आज भी उतनी ही प्रासंगिक और जीवंत है। अमूल ने देश में श्वेत क्रांति को गति दी है और आज प्रतिदिन तीन करोड़ लीटर दूध एकत्र कर रहा है।

मतदान


### चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के मतदान के लिए बनाए 45,399 मतदान केंद्र

# 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान आज

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए मंगलवार को 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में से 101 सामान्य, 19 अनुसूचित जाति के लिए, जबकि दो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान के शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, इस चरण में लगभग 3,70,13,556 (तीन करोड़ सत्तर लाख तेरह हजार पांच सौ छप्पन) पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 10,21,812 (दस लाख इक्कीस हजार आठ सौ बारह) नए मतदाता शामिल हैं। 1,95,56,899 (एक करोड़ पंचानवे लाख छप्पन हजार आठ सौ निन्यानवे) मतदाता पुरुष हैं, जिनमें 5,28,954 (पांच लाख अट्ठाइस हजार नौ सौ पंचानवे) नए पुरुष मतदाता शामिल हैं, जिन्हें मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद रोल में जोड़ा गया है। इसी प्रकार, 1,70,68,572 (एक करोड़ सत्तर लाख अरसठ हजार पांच सौ बहत्तर) महिला मतदाता पहले से ही सूची में हैं, जिनमें 4,92,839 (चार लाख बानवे बजार आठ सौ उनतालीस ) नई महिला मतदाता शामिल हैं, जिन्हें सूची में जोड़ा गया है। थर्ड जेंडर के मतदाता 943 हैं, जिनमें 90 नए शामिल हैं। कुल 7,69,356 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के हैं।



चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के मतदान के लिए 45,399 मतदान केंद्र बनाए हैं, जिनमें 5,326 शहरी क्षेत्रों में और 40,073 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, कुल 595 मतदान केंद्र पूरी तरह से महिलाओं द्वारा प्रबंधित होंगे, 91 दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित होंगे और 316 को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

### सात राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की आठ सीटों पर भी उपचुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के दूसरे एवं अंतिम चरण के चुनाव के साथ ही मंगलवार को देश के सात राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की कुल आठ सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। इनमें झारखंड, राजस्थान, ओडिशा, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम की एक-एक सीट और जम्मू-कश्मीर की दो सीटें शामिल हैं। मतों की गणना 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना के साथ ही होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, ये उपचुनाव सदस्यों के इस्तीफे, निधन या अयोग्यता के चलते रिक्त हुई सीटों को भरने के लिए कराए जा रहे हैं। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनें लगाई गई हैं। मतदाताओं को अपने मतदाता पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। सभी स्ट्रॉन्ग रूम्स में सीसीटीपी कैमरे सक्रिय हैं।

# बिरसा मुण्डा को जनजाति समुदाय देता है भगवान की तरह सम्मान

**बिरसा मुंडा की जयंती पर 13 से 18 नवम्बर तक होगा जनजाति भागीदारी उत्सव**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने लोकभवन में लोकनायक बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में हमारी जनजाति समुदाय का अतुलनीय योगदान है। बिरसा मुण्डा को जनजाति समुदाय भगवान की तरह सम्मान देता है। इसलिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 लोकनायक बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस से अवसर पर 13 से 18 नवम्बर तक राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर के परिसर में किया जा रहा है।

15 नवंबर को सोनभद्र में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़े रहेंगे। यह उत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत‘‘ की भावना को जनजातीय संस्कृति के माध्यम से सशक्त बनाने का एक सशक्त प्रयास है। इस आयोजन में प्रदेश और देश के विभिन्न अंचलों की जनजातियों की भाषाई, सांस्कृतिक, पारंपरिक और सामाजिक विविधताओं का संगम देखने को मिलेगा। जनजातीय भाषाओं की मधुरता, लोकगीतों की आत्मीयता, और पारंपरिक वेशभूषा की रंगीनता इस उत्सव को अनूठी पहचान प्रदान करेगी। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सामासिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक होगा, जहाँ विभिन्न जनजातियों के रहन-सहन, परंपरागत शिल्प, लोककला, लोकसंगीत, और खानपान की विशिष्टता एक मंच पर प्रदर्शित की जाएगी।

**600 ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकार देंगे प्रस्तुतियां**

जनजातीय समाज की वन संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था, सामाजिक सहयोग की परंपरा और आत्मनिर्भर जीवनशैली इस आयोजन की आत्मा होगी। इस उत्सव में अरुणाचल प्रदेश भागीदार राज्य के रूप में सम्मिलित रहेगा, जबकि 18 राज्यों के लगभग 600 ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकार अपने पारंपरिक नृत्य, गीत और वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। उत्सव के दौरान पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, लोक चित्रकला और जनजातीय आभूषणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मीडिया से मुखातिब समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण कहा कि यह उत्सव प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के विकास और सम्मान का उत्सव है। जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक धरोहर काअभिन्न अंग है, जनजातीय समुदाय की भाषाएं, वेशभूषा, जीवनदर्शन और सामूहिक जीवनशैली हमारी राष्ट्रीय एकता को प्रदान करती है और सुदृढ़ करती हैं।

# किराना दुकान व गोदाम में लगी आग से 80 लाख का नुकसान, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

समृद्धि न्यूज

**चार फायर स्टेशनों की लगभग 10 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में करीब 80 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इमारत की पहली मंजिल पर रह रहे परिवार ने समय रहते पड़ोसी की छत के रास्ते निकलकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एफएसओ धर्मपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि बंथरा थाना क्षेत्र के कानपुर रोड किनारे स्थित पुरुषोत्तम गुप्ता और संतोष गुप्ता का तीन मंजिला मकान है। नीचे की मंजिल पर 'मंगलम ट्रेडर्स' नाम से किराना की थोक दुकान और गोदाम में रविवार देर रात 1.50 बजे आग लग गई। सूचना पाकर सरोजिनी नगर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने लगीं।

आग की तीव्रता अधिक होने के कारण तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद आलमबाग, हजरतगंज और पीजीआई फायर स्टेशनों से अतिरिक्त गाड़ियां बुलाई गईं। कुल चार फायर स्टेशनों की लगभग 10 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में विद्युत शॉर्ट सर्किट आग लगी है। इस हादसे गोदाम में रखा किराना सामग्री, फर्नीचर और कई महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गए। आग को देखकर परिवार ने पड़ोसी की छत के रास्ते से अपनी जान बचाई है। इस हादसे में दुकान और गोदाम मालिक तकरीबन 80 लाख रुपये से अधिक का नुकसान बता रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### महिला ने फांसी लगाई, आम के पेड़ पर लटकता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान अन्दपुर देव निवासी ज्ञानमती (65) के रूप में हुई है। उनके पति का कई वर्ष पहले निधन हो चुका था। ज्ञानमती अपने बेटे रामबाबू के साथ रहती थीं, जबकि उनके दो अन्य बेटे दीपक और गनेश प्रसाद अलग रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे ज्ञानमती बिना कुछ बताए घर से चली गईं। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटीं, तो उनके बेटे रामबाबू ने उन्हें खोजना शुरू किया। खोजते हुए रामबाबू गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर पहुंचे। उन्होंने अपनी मां का शव आम की पेड़ से लटकता देखा। धोती से फंदा लगा था। रामबाबू के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। सभी की मदद से ज्ञानमती को पेड़ से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।।

### लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की नोकझोंक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन हुआ। वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगे। एनएसयूआई सदस्यों ने वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद विश्वविद्यालय कैंपस में विरोध मार्च निकाला। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन में जमकर नोकझोंक हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मार्च रोकने की कोशिश की। प्रदर्शन कर रहे हैं एनएसयूआई उपाध्यक्ष आर्यन मिश्रा ने कहा कि चुनाव आयोग को कैप्चर कर लिया गया है। वोट चोरी करके भारतीय जनता पार्टी सरकार बना रही है। राहुल गांधी ने बताया कि किस तरह वोट चोरी हो रही है, उसके प्रमाण दिए। यह स्पष्ट है कि वोट चोरी करके भारतीय जनता पार्टी जीती है, सत्ता में आई है। इसी संदेश को हम प्रत्येक छात्रों तक पहुंचा रहे हैं। एनएसयूआई का अभियान आज लखनऊ विश्वविद्यालय समेत पूरे देश के सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में चल रहा है। बिहार में एनडीए हारने जा रही है। 14 नवंबर को नीतीश कुमार पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे, जिसका डर सबको सता रहा है।

### राम बहादुर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नामित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर लखनऊ के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी एवं पूर्वांचल स्वाभिमान मंच के संयोजक राम बहादुर सिंह को भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर पूर्वी रेलवे की रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। रेल मंत्रालय द्वारा गठित यह समिति रेलवे सेवाओं के संचालन, यात्री सुविधाओं में सुधार, तथा क्षेत्रीय विकास से संबंधित विषयों पर रचनात्मक सुझाव एवं परामर्श प्रदान करती है। सिंह की नियुक्ति को उनके सामाजिक योगदान, जनसंपर्क क्षमता और पूर्वांचल क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान माना जा रहा है। राम बहादुर सिंह पिछले कई वर्षों से पूर्वांचल स्वाभिमान मंच के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने, जन-जागरण अभियानों को प्रोत्साहित करने और पूर्वांचल के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

### ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की मीटिंग आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल और ओबीसी विभाग की सांगठनिक बैठक होगी। बैठक में ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ओबीसी एडवाइजरी कॉउंसलिंग के राष्ट्रीय संयोजक डॉ अनिल जयहिंद मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी,महासचिव प्रियंका गाँधी की भागीदारी न्याय यानि ''जितनी आबादी, उतना हक'' मिशन को संगठन के माध्यम से बहुजनों तक पहुंचाने के लिए तमाम रणनीति पर चर्चा होगी। बीजेपी सरकार द्वारा बहुजनों का हक छीनने की नीयत वाली नीतियों को लेकर ब्लॉक और जनपद स्तर पर चौपाल आयोजित करना प्रस्तावित है। जातिगत जनगणना, आबादी के अनुपात में आरक्षण,आर्थिक सर्वे,संस्थागत सर्वे मुद्दे को लागू करने पर भी चर्चा होगी। ओबीसी एडवाइजरी काउंसलिंग के प्रदेश संयोजक और ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि बैठक में बहुजन समाज यानी पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज सामाजिक आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए हिन्दू-मुस्लिम नफरत, निजीकरण, संविदाकरण, एनएफएस, नोटबंदी, आरक्षण घोटाला, न्यायपालिका में कॉलीजियम प्रणाली, लेटरल एंट्री, अन्यायपूर्ण ईडब्ल्यूएस, राजनीति का व्यवसायीकरण, धार्मिककरण, सांकेतिक प्रतिनिधित्व की राजनीति आदि मुद्दे प्रमुख हैं।

पंचायती राज निदेशालय में हुई 'पंचायत एडवॉसमेंट इंडेक्स' पर कार्यशाला

### ग्राम पंचायतों को मिलेगा विकास सूचकांक तैयार करने का अधिकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायतीराज निदेशालय लोहिया भवन अलीगंज लखनऊ में पंचायत एडवॉसमेंट इंडेक्स संस्करण 1 व 2 के प्रसार और संशोधित सूचकों पर ग्राम पंचायतों की प्रगति पर विचार-विमर्श हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह एंव अन्य विभागीय अधिकारियों, विभिन्न मण्डलों के परियोजना प्रबंधकों की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिवों सहित 200 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की 9 थीम के स्थानीयकरण की दिशा में पंचायतों की भूमिका को सशक्त बनाना एवं गुणवत्तायुक्त बेसलाइन डेटा के आधार पर ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन का आंकलन करना था। कार्यशाला में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

**जनता दर्शन में डिप्टी ने सुनी समस्याएं, अफसरों को त्वरित निस्तारण का फरमान**

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता व प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।

जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत इटावा, फतेहपुर, बलिया, शाहजहांपुर, कासगंज, औरैया तथा बांदा के जिलाधिकारी, जालौन व लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

**समस्याओं के समाधान को सरकार उठाएगी हर संभव कदम**

श्री मौर्य ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

### ओवरसीज जॉब्स फ्लैग ऑफ सेरेमनी का कार्यक्रम संपन्न

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 3 दिवसीय रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से प्रदेश के कुल चयनित 16 हजार से अधिक अभ्यर्थी जिनमें 1612 युवाओं को दुबई हेतु चयनित कराया गया था।

इन 1612 युवाओं में से वीजा और टिकट की प्रक्रिया पूरी कर चुके 27 युवाओं के दुबई प्रस्थान किये जाने के संबंध में आज बापू भवन के सभागार में मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर की अध्यक्षता में ओवरसीज जॉब्स फ्लैग-ऑफ सेरेमनी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संकल्प का पूरा करने के लिये श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन बनाया गया है।

# अयोध्या से प्रयागराज तक होगी आप की पदयात्रा : संजय सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज घोषणा करते हुए कहा कि बहुप्रतीक्षित 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा 12 नवंबर से 24 नवंबर तक अयोध्या के सरयू से प्रयागराज के संगम तक होगी। यह यात्रा उत्तर प्रदेश के दो सबसे गंभीर मुद्दों, बेरोजगारी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ एक जनआंदोलन का रूप लेगी।

इस यात्रा का थीम सांग मैं देश बचाने निकला हूं प्रसिद्ध गायक अल्तमश फरीदी ने अपनी आवाज में गाया है, जबकि इसके बोल जाने-माने शायर और लेखक बिलाल भाई ने लिखे हैं। संजय सिंह ने कहा कि यह गीत उत्तर प्रदेश के युवाओं और आम जनता की पीड़ा को बयां करता है और उन्हें अपने हक की आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित करेगा। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश का वह राज्य बन गया है, जहाँ बेरोजगारी चरम पर है। देश में सबसे अधिक बेरोजगार अगर किसी प्रदेश में हैं, तो वह उत्तर प्रदेश है। केवल सरकारी नौकरियों की कमी ही नहीं, बल्कि किसान, बुनकर, कुटीर और लघु उद्योग से जुड़े लोग भी आर्थिक संकट और रोजगार के अभाव से जूझ रहे हैं। किसान को अपनी फसल का उचित दाम नहीं मिलता, खाद की लाइन में जान जाती है, कर्ज के बोझ से आत्महत्या करनी पड़ती है।

### राजभर का दावा बिहार में बन सकती है आरजेडी की सरकार, टेंशन में बीजेपी

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के थमने के बीच उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और एनडीए सहयोगी दल के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर का बयान राजनीतिक हलचल मचा रहा है। राजभर ने दावा किया है कि बिहार में बंपर वोटिंग के बाद महागठबंधन (आरजेडी) की सरकार बनने जा रही है। राजभर की पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) पहले से ही एनडीए में शामिल होने के बावजूद बिहार में 64 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, अगर बिहार में 60 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होती है, तो समझिए महागठबंधन की सरकार बनना तय है।

# भाजपा ने लोकतंत्र को समझ लिया है अपनी संपत्ति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को अपनी संपत्ति समझ लिया है। प्रशासन से लेकर आयोग तक सब कुछ उनके नियंत्रण में है। अखिलेश ने चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले ही बेईमानी और छल का खेलष् शुरू हो गया है।

अखिलेश यादव ने अपने बयान की शुरुआत मतदाता सूची की अनियमितताओं से की। उन्होंने कहा कि कई जिलों से शिकायतें मिल रही हैं कि मतदाता सूची से समाजवादी पार्टी समर्थकों के नाम जानबूझकर हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक जगह से शिकायतें आ रही हैं, पता नहीं और कितनी जगहों से आएंगी। अखिलेश ने निर्वाचन आयोग से मांग की कि वह इस पर स्वतः संज्ञान ले और मतदाता सूची की पुनः जांच कराए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यूपी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी सरकारी मशीनरी भाजपा के इशारे पर चल रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद कह रहे हैं कि हम कार्रवाई नहीं कर सकते, हम प्रधानमंत्री और भाजपा के आदेशों से बंधे हैं। अखिलेश ने कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। जो अधिकारी निष्पक्षता बरतने की कोशिश करते हैं, उन्हें ट्रांसफर और दबाव का सामना करना पड़ता है। 2027 आने में अभी 427 दिन बाकी हैं, लेकिन भाजपा ने अभी से बेईमानी और छल का खेल शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को अपनी हार का डर है, इसलिए वह प्रशासनिक ताकतों का दुरुपयोग कर रही है। चुनाव की तैयारी जनता करती है, लेकिन भाजपा तैयारी धोखे की कर रही है। मुख्यमंत्री केवल भाषणों में विकास दिखाते हैं, जमीनी सच्चाई बिल्कुल उलटी है। सरकार विज्ञापन में अस्पताल बनाती है, लेकिन हकीकत में मरीजों को दवा और डॉक्टर नहीं मिलते।

# नगर निगम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराई दस करोड़ की जमीन

**जमीन पर बनेगा एनिमल केयर सेंटर, ईटीएफ टीम व प्रवर्तन दल ने हटाया अतिक्रमण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने ग्राम भैसोरा, तहसील सदर, जिला लखनऊ में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाकर उसे मुक्त कराया। इसकी बाजारू कीमत दस करोड़ आंकी गई है। यह अभियान नगर निगम की संपत्ति शाखा, राजस्व विभाग एवं अभियंत्रण शाखा के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार अरविंद पांडे के निर्देशन में नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ नगर निगम राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरी, लेखपाल सुभाष कौशल, शक्ति वर्मा की टीम मौके पर मौजूद रही।

नगर निगम की ईटीएफ टीम एवं प्रवर्तन दल की सहायता से यह कार्यवाही जेसीबी मशीन की मदद से पूरी की गई। टीम ने अस्थायी ढांचे, टीनशेड, और अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर भूमि को मुक्त कराया। यह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, हालांकि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा प्रारंभिक विरोध भी किया गया, किंतु प्रशासन की तत्परता और समझाइश से स्थिति नियंत्रण में रही। अभियान के दौरान ग्राम भैसोरा स्थित खसरा संख्या 282 क्षेत्रफल 0.172 हेक्टेयर) एवं खसरा संख्या 283 क्षेत्रफल 0.250 हेक्टेयर)की कुल लगभग 40,000 वर्गफुट भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती एवं बंजर भूमि के रूप में दर्ज थी, जिस पर पिछले कुछ वर्षों से अस्थायी रूप से अवैध कब्जे किए गए थे।नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, मुक्त कराई गई इस भूमि पर जल्द ही एनिमल केयर सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से नगर क्षेत्र में आवारा एवं बीमार पशुओं के उपचार, संरक्षण और पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी।

**नगर निगम लखनऊ में 13 और 14 को अहम बैठक**

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने और लंबित संकल्पों पर निर्णय लेने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने दो महत्वपूर्ण बैठकों की घोषणा की है। इन बैठकों पर कई अहम फैसले लिये जा सकते है। ज्ञात हो कि पिछली दो बैठकों में झड़प और बेनतीजा रही। जानकारी के अनुसार पहली बैठक 13 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 1100 बजे नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव कक्ष (कमेटी हाल) में बुलाई गई है। यह बैठक कार्यकारिणी समिति की होगी, जिसमें पूर्व की बैठकों में लिये गये संकल्पों की पुष्टि की जाएगी। महापौर ने निर्देश दिया है कि बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें और समिति के सभी सदस्यों को समय से सूचना उपलब्ध कराई जाए, ताकि बैठक निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके। दूसरी बैठक 14 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे सदन की सामान्य बैठक के रूप में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में 4 और 9 सितम्बर 2025 को हुई सदन बैठकों के मदों व संकल्पों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# बेल आउट पैकेज में शामिल छह राज्यों में उत्तर प्रदेश की सबसे अच्छी स्थिति

समृद्धि न्यूज

**निजीकरण की प्रक्रिया में प्रदेश की बिजली कंपनियों को शामिल करना अनुचित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा जिन छह राज्यों कृ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश कृ को विद्युत क्षेत्र के निजीकरण के लिए चिन्हित किया गया है, उनमें उत्तर प्रदेश की स्थिति सबसे बेहतर है।

ऐसे में प्रदेश की बिजली कंपनियों को निजी हाथों में सौंपने की कोई आवश्यकता नहीं है। वर्मा ने बताया कि इन छह राज्यों द्वारा विभिन्न वित्तीय संस्थानों से लिए गए कुल ऋणों में उत्तर प्रदेश की स्थिति नियंत्रण में है। आँकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश ने 65,710 करोड़, मध्य प्रदेश ने 50,844 करोड़, महाराष्ट्र ने 84,170 करोड़, राजस्थान ने 92,225 करोड़, तमिलनाडु ने 1,73,520 करोड़,तथा उत्तर प्रदेश ने 67,936 करोड़ का ऋण लिया है। इनमें से वह ऋण जो राजस्व से चुकाया नहीं जा सकता, उत्तर प्रदेश में सबसे कम है उसके ऑकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश 50,851 करोड़, मध्य प्रदेशरू 35,211 करोड़, महाराष्ट्र 39,605 करोड़, राजस्थान 58,514 करोड़, तमिलनाडु 1,37,979 करोड और उत्तर प्रदेश केवल 29,212 करोड़ हैं।

# गो आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाने के लिए किए जा रहे बहुआयामी प्रयोग : धर्मपाल सिंह

समृद्धि न्यूज

**पशुधन मंत्री ने किया 18 नवनिर्मित गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण**

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 13 जनपदों के 18 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया।

इसके तहत आजमगढ़ एवं उन्नाव में 3-3, मिर्जापुर में 2, महराजगंज, ललितपुर, अमेठी, बहराइच, देवरिया, पीलीभीत, अयोध्या, कौशाम्बी, चित्रकूट एवं सीतापुर में 1-1 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इन 18 गो संरक्षण केन्द्रों की कुल निर्माण लागत रुपए 28 करोड़ 82 लाख है। प्रत्येक केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और गोवंश के भरण-पोषण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने जनपदों के क्षेत्रीय विधायकों, ग्रामप्रधानों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। निराश्रित गोवंश हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। मण्डलीय जनपदों में 18 मॉडल गौशालाएं बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाने हेतु बहुआयामी प्रयोग किये जा रहे हैं। गाय के गोबर से गो दीप, धूपबत्ती, गोलॉग, गोबर के गमले, वर्मी कम्पोस्ट तथा सीबीजी उत्पादन इकाईयों की स्थापना की जा रही है। इन इकाईयों के संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया जा रहा है।

**निर्देश** | **नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित आवास पर की जनसुनवाई**

# जनता की समस्याओं का समाधान करें विभागीय अधिकारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को अपने लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित जनसुनवाई में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में नगर विकास, ऊर्जा, जल आपूर्ति, विद्युत कनेक्शन, बिलिंग, सफाई व्यवस्था और शहरी सुविधाओं से जुड़ी अनेक शिकायतें आईं।

मंत्री श्री शर्मा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े।

जनता की आवाज ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हर शिकायत हमारे लिए सुधार का अवसर है। विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करें।

**पारदर्शिता, जवाबदेही व सेवा भाव होना चाहिए सर्वोपरि**

जनसुनवाई के दौरान जनपद औरैया से आए एक शिकायतकर्ता द्वारा क्षतिपूर्ति से संबंधित समस्या रखे जाने पर, मंत्री श्री शर्मा ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण को फोन कर मामले को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। बदायूं से आए एक गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति के परिजन ने चिकित्सीय सहायता के साथ ऊर्जा मंत्री से एम्स में एडमिट कराने के लिए अनुरोध किया। मंत्री ने उनके परिजनों को सहायता हेतु आश्वस्त करते हुए तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग एवं नगर विकास विभाग दोनों ही सीधे जनता के जीवन से जुड़े विभाग हैं। इसलिए इनके कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भाव सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड पर जाकर जनता से संवाद करें, जनसुनवाई और निरीक्षण को नियमित रूप से करें ताकि समस्याएं समय रहते दूर हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि समाधान की संस्कृति स्थापित करना है। जब जनता को राहत मिलती है, तब ही शासन की सार्थकता सिद्ध होती है।

# रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिरी मिक्सचर मशीन

**चालक सहित दो घायल, आधा दर्जन झोपड़ पट्टी की दुकानें ध्वस्त**

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बलराम पुर मार्ग स्थित बड़गांव ओवर ब्रिज पर रविवार की रात्रि करीब एक बजे के बाद मिक्सचर मशीन में गिट्टी मोरंग लोड होकर ले जाते समय अचानक बाइक सवार आगे आ गया जिस को बचाने के चक्कर में मिक्सचर मशीन अनियंत्रित होकर पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गई।

पुल के नीचे झोपड़ पट्टी की आधा दर्जन दुकानें भी उस के नीचे दबकर ध्वस्त हो गया। मिक्सचर मशीन के चालक 30 वर्षीय मुकेश तिवारी पुत्र राकेश तिवारी निवासी पांडेय पुरवा पावर हाउस थाना इटियाथोक व उस का भाई 15 वर्षीय आकाश तिवारी घायल हो गए। दोनो को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घायल अवस्था में मुकेश तिवारी ने बताया कि गुरुनानक चौराहे पर एक माल की निर्माण की छत की ढलाई हो रही थी। उसी के लिए मिक्सचर मशीन से गिट्टी मोरंग को मिक्स कर के ला रहे थे।तभी ओवर बृज पर ही अचानक आगे एक बाइक सवार आ गया जिस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो पलट गई और लोड होने की वजह से रेलिंग को तोड़ ते हुए नीचे गिर गई। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग आ गए। घायल अवस्था में दोनों को उठा कर मेडिकल कॉलेज में लाया गया। ओवर बृज के नीचे करीब आधा दर्जन से अधिक झोपड़ पट्टी की दुकानें भी ध्वस्त हो गई।

**आवाज से सहम गए लोग**

बड़गांव ओवर बृज पर अनियंत्रित हो कर मिक्सचर मशीन रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि लोग कुछ समझ नहीं पाए कि क्या हुआ।आवाज से सहमे लोग हड़बड़ी में अपने अपने घरों से उठ कर बाहर आ गए और मिक्सचर मशीन के पास पहुंच गए। तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

**पुल भी हुआ क्षतिग्रस्त**

बड़गांव ओवर बृज से मिक्सचर मशीन रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिरने से पुल का किनारे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। किनारे का बड़ा हिस्सा जो सीमेंट का बना हुआ था।टूट कर लटका गया और कुछ हिस्सा नीचे गिर गया। जिस से काफी पुल को काफी नुकसान हो गया है।

**आधा दर्जन दुकानें हुई ध्वस्त**

बड़गांव ओवर बृज की नीचे झोपड़ पट्टी की आधा दर्जन से अधिक दुकानों थी जो पूरी तरह से मिक्सचर मशीन के नीचे दबकर ध्वस्त हो गई।

**अगर दिन में गिरता तो कई कई लोगों को चली जाती जाने**

अगर बड़गांव ओवर बृज से मिक्सचर मशीन दिन में गिरती तो कई लोगों की जान चली जाती। पुल के नीचे कई दुकानें है जहां अक्सर लोगों की भीड़ जमी रहती है। पुल के नीचे रेलवे लाइन की पटरी भी है जहां तमाम लोगो का आना जाना दिन भर लगा रहता है। रानी बाजार होने के नाते तमाम लोगो प्रति दिन खरीद दारी करने आते जाते है।

**पहले भी गिर चुके है कई वाहन**

बड़गांव ओवर बृज के ऊपर से इस के पहले भी कई वाहन गिर चुके है जिस में ट्रक कमांडर जीप बोलेरो गाड़ी भी शामिल है।

# गोंडा को विकसित बनाने के लिए 5-7 लाख प्रतिव्यक्ति आय जरूरी

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य रवीन्द्र कुमार के संयोजकत्व में जनपद के महाविद्यालयों में विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर आयोजित संवाद एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन माँ गायत्री राम सुख महाविद्यालय मसकनवा गोंडा में किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के आई. क्यू.ए.सी. समन्वयक भौतिक विज्ञान विषय के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र सिंह एवं विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान डॉ रेखा शर्मा ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए जन कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं और समर्थ एवं विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओ की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही युवाओं को विकसित उत्तर प्रदेश @2047 सुझाव लिंक पर अपने सुझाव भी 150 शब्दों में लिख कर पोस्ट करने के लिए उत्प्रेरित किया द्य प्रो जितेंद्र सिंह ने कहा जब गोंडा के प्रति व्यक्ति की आय को पाँच से सात लाख प्रति वर्ष 2047 तक पहुँचाकर विकसित प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्रशासक डॉ घनश्याम शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला सफल मंच संचालन डॉ अविनाश तिवारी ने किया उत्तर को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए छात्र छात्राओं ने अपने सुझाव साझा किए जिसमें काजल मौर्य का सुझाव कुटीर उद्योग को बढावा, अनीता चौधरी का सुझाव वैज्ञानिक खेती, हरीश का सुझाव पर्यटन को बढ़ावा देना रहा उक्त कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मनु लाल यादव, डॉ कृष्ण कुमार मिश्रा, डॉ कपिल देव वर्मा, विनोद शुक्ला, डॉ रवि शंकर मिश्रा, डॉ इंद्रसेन उपाध्याय, कौशल किशोर पांडे, आशुतोष मल्ल, दामिनी पांडेय, कुसुम मौर्य, तेज मान उपाध्याय, कृष्ण मानी यादव, राज पांडेय, आशीष शुक्ला, राम महेश पांडेय, अमर पांडेय, काजल मौर्या का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन



**रूपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** स्थानीय प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज, रूपईडीहा में आयोजित विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमा शंकर वैश्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का गहन अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता तथा वैज्ञानिक सोच की सराहना की। डॉ. वैश्य ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियाँ विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान और टीम भावना को विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षक शिफाली सिद्दीकी,आकाश पांडेय,अयान अंसारी, फलक अंजुम, श्रेया गुप्ता, जी पी श्रीवास्तव, अभिभावक और विद्यार्थी प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभागी विद्यार्थी देवेश बरनवाल,अमीरा बानो,अनम फातिमा, अंश चौधरी, ज़ीशान कुरेशी, सिद्धि गुप्ता, प्रियंका, सोनी, निशंक त्रिपाठी, मनप्रीत कौर, हर्षित मार्क, शुभम बरनवाल, शमा अंसारी, वंश गुप्ता, ईशा वर्मा आदि विद्यार्थियों ने अपने अपने उत्कृष्ट रचनात्मक मॉडलों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। सब ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की हृदय से कामना की।

### सब जूनियर तीरंदाजी में अभिमन्यु ने जिले का नाम किया रोशन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बाराबंकी के केडीसी बाबू स्टेडियम में आयोजित 10वी यूपी स्टेट सब जूनियर चैम्पिनशिप में बहराइच के अभिमन्यु सिंह ने ओलंपिक राउंड तीरंदाजी में कृतमान स्थापित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर बहराइच जनपद को गौरवान्वित किया है। पयागपुर तहसील के ग्राम बनपुरवा निवासी अभिमन्यु सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह की उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश पांडेय ने बधाई दी है और बताया कि 6 नवंबर से बाराबंकी में आयोजित हो रही तीन दिवसीय 10वी यूपी स्टेट तीरंदाजी चैम्पिनशिप प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व अभिमन्यु सिंह ने कियाऔर ओलंपिक राउंड तीरंदाजी में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया है।

# पराग दुग्ध संघ में अनियमितताओं का बोलबाला, नाराज हो रहे दुग्ध उत्पादक

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद के पराग दुग्ध संघ गोंडा में अनियमितताओं का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। डेयरी संचालन में पारदर्शिता की कमी, दुग्ध उत्पादकों को भुगतान में देरी, दूध की गुणवत्ता पर सवाल और मनमाने तौर पर नियुक्तियों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, डेयरी प्रबंधन से संबंधित कई शिकायतें विभागीय स्तर पर की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई के संकेत नहीं मिले हैं। अधिकारियों की चुप्पी ने कर्मचारियों और दुग्ध उत्पादकों में नाराज़गी बढ़ा दी है।स्थानीय दुग्ध आपूर्तिकर्ताओं का कहना है कि पराग डेयरी की लापरवाही से उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है।ऐसे में लोगों का कहना है कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन या धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।सामाजिक संगठनों ने भी शासन से मांग की है कि पराग दुग्ध संघ गोंडा में व्याप्त अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इससे न केवल पारदर्शिता बहाल होगी बल्कि दुग्ध उत्पादकों का भरोसा भी दोबारा कायम होगा। इसके साथ ही कई समिति के किसानों ने बताया कि डेयरी पर निशुल्क चारे की बीज आती थी जो अब नहीं मिल रही है।तथा दुग्ध मात्रा के हिसाब से फ्री में पशु आहार भी वितरित होता था जो पिछले महीने से ठप पड़ा है।वहीं इस संबंध है जब पराग दुग्ध संघ के जी एम/जिला दुग्ध विकास अधिकारी अनुज यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निरंतर उपार्जित दुग्ध की मात्रा में वृद्धि हो रही है और किसानों को समय से भुगतान मिले इसके लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं। तथा बताया कि पशु आहार वितरण में लेखा-जोखा कंप्लीट कराकर तब वितरित किया जाता था लेकिन ऑडिट में समस्या हो गई जिससे एमके शुक्ला के समय से वितरित नहीं किया गया है।

# मिलेट्स मेला व रेसिपी प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार गोंडा में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला एवं मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन विधायक गौरा प्रभात वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के द्वारा किया गया। विधायक गौरा श्री प्रभात वर्मा ने श्रीअन्न के महत्व के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि इससे बने उत्पाद पौष्टिकता से भरपूर होते हैं अत इन्हें आहार में शामिल किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कृषकों का आह्वान किया कि वे मिलेट्स के फसलों की खेती करके अपने आय में वृद्धि करें क्योंकि मिलेट्स प्रसंस्करण के लिए अनुकूल होते हैं और इससे विभिन्न प्रकार के व्यंजन और अन्य उत्पाद तैयार किया जा सकते हैं जो की पौष्टिक होने के साथ ही साथ आय का अतिरिक्त स्रोत हो सकते हैं। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने समस्त गणमान्य अतिथियों एवं कृषकों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत कृषकों को श्रीअन्न के बीज उपलब्ध कराए गए हैं जिससे जनपद में मिलेट्स का रकबा बढ़ाने में मदद मिली है।

अब कृषक भी इसके प्रति जागरूक हो रहे हैं और वे इसकी खेती की तरफ उन्मुख हो रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिक डॉ राम लखन सिंह ने अपने उद्बोधन में मिलेट्स के फसलों के उत्पादन तकनीक पर विस्तार से चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम की वैज्ञानिक डॉ ममता त्रिपाठी ने मिलेट्स के पोषकीय महत्व के विषय में कृषकों को अवगत कराया। मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में तीन प्रतिभागियों द्वारा प्रथम तथा तीन प्रतिभागियों द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिव शंकर चौधरी के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा अपने स्टाल भी लगाए गए जहां पहुंचकर कृषकों ने उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिव शंकर चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी पारसराम, उपनिदेशक रेशम, जिला कृषि अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

**पेराई सत्र 2025-2026 में 80 लाख कुण्टल पेराई का लक्ष्य**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-2026 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया गया तथा बैल गाड़ी के साथ गन्ना लेकर आये गन्ना कृषकों को माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं भी दी। डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्रीय कृषकों विशेषकर गन्ना कृषकों की आर्थिक उन्नति होने से इस क्षेत्र का विकास हुआ है। डीएम ने मिल अधिकारियों व गन्ना कृषकों का आहवान किया कि एक दूसरे के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन कर पेराई सत्र में नये आयाम स्थापित करें। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषकों से अपील की कि फसल अवशेषों व पराली को खेत में न जलाये बल्कि उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करें ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे। डीएम ने कृषकों से अपील की कि अपने आस-पास स्थापित गो संरक्षण केन्द्रों को पराली व फसल अवशेष दानकर गौ संरक्षण जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बने। उन्होंने मिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषकों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय से व सुगमतापूर्वक कराया जाय। चीनी मिले के महाप्रबन्धक अनिल सखूजा ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए मिल द्वारा 80 लाख कुण्टल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषकों को गेहूँ की बुवाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए में मिल के पेराई सत्र का श्रीगणेश कर दिया गया है। श्री सखूजा ने किसानों को सुझाव दिया कि मिल को साफ-सुथरा गन्ना की आपूर्ति करें तथा शरदकालीन बुवाई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें जिससे जहां एक ओर कृषकों को उनकी उपज का अधिक मूल्य प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर चीनी मिल भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गन्ने की पेराई करने में सफल होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, कारखाना प्रबंधक अनिल यादव, राजन सिंह, वहाजुद्दीन, संजीव राठी, जगतार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में गन्ना कृषक व मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नौजवान खेल के लिए हों समर्पित : कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** फखरपुर ब्लॉक अंतर्गत अरई कला स्थित बालार्क ऋषि महाविद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का सोमवार को आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह मौजूद रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद करण भूषण सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है हम सभी को खेल के प्रति जागरूक होना चाहिए और खेलों में यदि हम सभी को जागरूकता रहती है ।तो खेलों के जरिए ही हम अपने स्वास्थ्य को भी सही रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है जिससे नौजवान बाहर निकले और खेल के लिए समर्पित हों,खेलो से शारीरिक और मानसिक मजबूती आती है और यही हम सबका प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चो के बीच मे जाए और उन्हें खेल के लिए प्रोत्साहित करें।आज हुजूरपुर व फखरपुर ब्लॉक के बच्चों के लिए सांसद खेल प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तर पर आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों स्थानीय बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें जीते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख फखरपुर प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना,गौरव वर्मा, राजन सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य कौशलेंद्र सिंह, अखंड प्रताप शाही,दीपक सिंह विशेन सहित हजारो लोग उपस्थित रहे।

# भारत की अखण्डता का प्रतीक है वंदेमातरम : सांसद

**इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ वंदेमातरम का सामूहिक गान**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** देश के स्वतन्त्रता आन्दोलन की चेतना का प्रतीक राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम् जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वंदेमातरम का सामूहिक गान सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, महराज सिंह इण्टर कालेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं, खिलाड़ी व खेल प्रेमी, पुलिस कार्मिक सहित बड़ी संख्या में आमजन ने वंदेमातरम के सामूहिक गान में सहभागिता की। वंदेमारत का सामूहिक गायन स्टेडियम में मौजूद लोगों के बीच राष्ट्रीय भावना का संचार करने में सफल रहा। इस अवसर पर सांसद डॉ. गोंड ने भारत के राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि वंदेमातरम भारत की आध्यात्मिकता, अखण्डता और अपनत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित सामूहिक गान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। डॉ. गोंड ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान शरीर में उत्पन्न होने वाली राष्ट्रीय भावना को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। सांसद श्री गोंड ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही आयोजन नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं। उन्होनें राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण भारत एवं प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# गैर-रजिस्टर्ड अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग का छापा परिसर सील, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तैयारी

समृद्धि न्यूज



**विशेश्वरगंज,बहराइच।** विशेश्वरगंज क्षेत्र के पुरैना बाजार में संचालित आर.आर. हॉस्पिटल एंड मेडिकल सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार की शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर को सील कर दिया। विभाग की यह कार्रवाई अचानक हुई, जिससे अस्पताल प्रशासन सहित आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार कई दिनों से अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर विभाग को शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर विभाग की टीम ने अचानक निरीक्षण का फैसला लिया। टीम में एडिशनल सीएमओ डॉ अनुराग वर्मा, डॉ. अब्दुल बारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

टीम के पहुंचते ही पाया गया कि अस्पताल बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण चिकित्सा मानकों का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर मौजूद स्टाफ से रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज मांगे, परन्तु कोई संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका। टीम को अस्पताल के विभिन्न कक्षों में रिकॉर्ड की ग़ैरमौजूदगी, मानक उपकरणों की कमी, अनुभवी चिकित्सकीय स्टाफ की अनुपस्थिति तथा साफ-सफाई में लापरवाही जैसी कई गंभीर अनियमितताएँ मिलीं। इन अनियमितताओं को देखते हुए टीम ने मौके पर ही कानूनी प्रावधानों के तहत अस्पताल को सील कर दिया। सीलिंग की कार्रवाई के बाद विभाग ने अस्पताल प्रबंधन से पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। कार्रवाई की सूचना फैलते ही आसपास के बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा तेज हो गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के अस्पताल चलने से आमजन की जान जोखिम में पड़ सकती थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि जिले में बिना पंजीकरण के चल रहे किसी भी संस्थान के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण दल के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों में ढील नहीं दी जा सकती। बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चलाना गंभीर अपराध है और इससे मरीजों के जीवन पर खतरा बढ़ जाता है।

**प्रतियोगिता** | **गोरखपुर की टीम द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बनी**

# 25वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

समृद्धि न्यूज़




**गोण्डा।** सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स गोण्डा के क्रिकेट ग्राउण्ड पर आयोजित ÷25वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (गोरखपुर जोन) - 2025÷ का सफलतापूर्वक समापन हुआ। दिनांक 06 नवम्बर से प्रारम्भ हुई इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के कुल 10 जनपदों की पुलिस टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पुल ए में - गोण्डा, देवरिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर एवं श्रावस्ती, तथा पुल बी में - गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीरनगर एवं बहराइच की टीमें सम्मिलित रहीं।

समापन दिवस पर आयोजित फाइनल मुकाबला गोण्डा पुलिस टीम और गोरखपुर पुलिस टीम के मध्य खेला गया। गोण्डा पुलिस टीम के कप्तान अरविन्द राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 204 रनों का लक्ष्य गोरखपुर टीम के सामने रखा।

जवाब में गोरखपुर पुलिस टीम ने दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर जीत दर्ज करते हुए गोरखपुर जोन क्रिकेट प्रतियोगिता - 2025 की विजेता बनी। गोरखपुर टीम की ओर से आरक्षी दीपक यादव ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 102 रन बनाकर अपनी टीम को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई, शतकीय पारी खेलने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि गोण्डा पुलिस टीम उपविजेता रही। मैच के उपरांत समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के लिए बधाई दी गई।

टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन गोरखपुर टीम के आरक्षी दीपक यादव, बेस्ट बॉलर देवरिया टीम के हे0कां0 रामू प्रसाद, बेस्ट फील्डर गोरखपुर के आरक्षी अंकित सिंह, बेस्ट कीपर गोण्डा के आरक्षी भोला भागीरथी को चुना गया तथा पूरे टूर्नामेन्ट के दौरान दो शतकीय पारी खेलने वाले गोरखपुर के आरक्षी दीपक यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि ÷खेल से न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति प्राप्त होती है, बल्कि यह टीम वर्क, संयम और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। पुलिस बल में खेलकूद से आपसी सौहार्द एवं एकता और मजबूत होती है।÷ उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 10 टीमों को शुभकामनाएं दीं तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोरखपुर पुलिस टीम को विजेता ट्रॉफी तथा गोण्डा पुलिस को उपविजेता ट्रॉफी व दोनो टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पुलिस लाइन स्टाफ एवं आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान कमेंट्री का संचालन अजय कुमार पाण्डेय एवं आनन्द कुंवर भट्ट द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने उत्साहपूर्ण अंदाज़ से खिलाड़ियों एवं दर्शकों का मनोबल बढ़ाया।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने तीन लोगों का शांति भंग में किया चालान

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के हरेटा गांव निवासी संजय पुत्र छोटे लाल, देवेंद्र पुत्र दुक्की व पतारा गांव निवासी अरुण उर्फ छोटू पुत्र रामेश्वर को शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तीनों का चालान किया गया है।

### तीन अभियुक्त के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई हुई

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई/प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद के थाना मौदहा, थाना बिवांर से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित/जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित / जिलाबदर अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 6 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे जिलाबदर किये गये अभियुक्तगण का विवरण 1.अभियुक्त- आफताफ पुत्र कमरुद्दीन (उम्र करीब 45 वर्ष) निवासी मु. ग्राम परछा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, दिनांक 27.10.2025 से 06 माह 2. अभियुक्त- सीताराम पुत्र सूरजबली (उम्र करीब 48 वर्ष) निवासी ग्राम नरायच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, दिनांक 30.10.2025 से 06 माह, 3.अभियुक्त- शेखर सिंह पुत्र छोटा (उम्र करीब 35 वर्ष) निवासी ग्राम छानी बुजुर्ग थाना बिवांर जनपद हमीरपुर, दिनांक 30.10.2025 से 06 माह।

### राजकीय हाइस्कूल विद्यालय में करियर गाइडेंस मेला आयोजित



**मौदहा, हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के पाटनपुर स्थित राजकीय हाइस्कूल में सोमवार को कैरियर रोजगार मेला 2025 का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग विभागों से संबंधित मुख्य अतिथियों को आमंत्रित कर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया,साथ ही छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए पेंटिंग भी बनाई है। आपको बता दें कि चिकित्सा क्षेत्र से डॉक्टर संदीप पाल, पत्रकारिता, पुलिस एवं प्रशासनिक क्षेत्र से पहुंचे अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य बनाने को लेकर जागरूक किया है। इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ विमला पाल, नोडल करियर गाइडेंस नीरज भारती सहित तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे।

### पंचायत सहायक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कर लगाई न्याय की गुहार

**भरुआ, सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में उच्च अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर एवं रिपोर्ट से जारी हुए जन्म प्रमाण पत्रों का मामला सोमवार को जिलाधिकारी की चौखट में पहुंच गया। डरा धमकाकर पंचायत सहायक पद से इस्तीफा लिखवा लेने के बाद उसने शिकायत पत्र देकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुरेंद्र पटेल की ओटीपी से दर्जनों फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने की आशंका जाहिर करके ग्राम प्रधान रामप्यारी निषाद ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। मामले की जांच खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार को सौंपी गई है। इसी बीच इस प्रकरण में रोजाना खुलासे हो रहे हैं। खबर छपने के बाद भूमिगत हुआ पंचायत सहायक जयप्रकाश तिवारी रविवार को मीडिया के सामने आकर पंचायत सचिव पर जबरिया इस्तीफा लिखवा लेने का आरोप लगाकर शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही थी। सोमवार को पंचायत सहायक ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। बीडीओ आशीष कटियार ने बताया कि मामले की जांच चल रही। शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा। सचिव सुरेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने कोई इस्तीफा नहीं लिया है। पंचायत सहायक अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर बना कर साइट में अपलोड करता था। मामले का खुलासा होने पर कार्रवाई से बचने के लिए उसने खुद ही एडीओ पंचायत को इस्तीफा दिया था।

### दबंगों ने लेखपाल को दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज


**श्रीनगर/महोबा।** फार्मर रजिस्ट्री कर रही लेखपाल शोभा गौतम को मुन्नालाल और नीरज अहिरवार नामक दो युवकों ने जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि उन्होंने पहले अपनी रजिस्ट्री करने का दबाव डाला और इनकार करने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित लेखपाल ने श्रीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई,जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फार्मर रजिस्ट्री कर रही लेखपाल के पास दो युवक पहुंचे और पहले अपना काम करने की बात कही। लेखपाल ने थोड़ी देर में उनकी रजिस्ट्री करने को कहा। लेकिन युवकों ने पहले उनकी रजिस्ट्री न करने पर सरकारी कार्य में बाधा डाली और गालियां देते हुए महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर थाना श्रीनगर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शहर के मुहल्ला भटीपुरा आफीसर्स कालोनी निवासी शोभा गौतम ने बताया कि वह ग्राम पवा में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। विगत 6 नवंबर की शाम करीब 4 बजे वह ग्राम पवा के देवनपुरा स्थित रविदास मंदिर के पास फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कर रही थी। उसी समय गांव के ही मुन्नालाल व नीरज अहिरवार आए और गालियां देने लगे। इन लोगों ने कहा कि पहले उनकी फार्मर रजिस्ट्री करो। लेखपाल ने कहा कि सभी का काम कर रही हूं थोड़ी देर में उनकी भी रजिस्ट्री कर दूंगी। इस पर ये लोग थोड़ी देर तो चुप रहे पर फिर से गालियां देने लगे। धमकी दी कि यदि पहले उनकी रजिस्ट्री नहीं की तो जान से मार दिया जाएगा। ये लोग सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने लगे और काम नहीं करने दिया। लेखपाल ने बताया कि वह गांव आती जाती रहती हूं और ये लोग उसके साथ किसी घटना को अंजाम दे सकते है। उन्होंने तहरीर थाना श्रीनगर में दी। थानाध्यक्ष जयचंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो किलो प्रतिबंधित गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार



**चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा स्वापक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। रविवार को थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार,हेड कांस्टेबल दयाराम कुशवाहा व कांस्टेबल राहुल यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध गांजा के साथ अभियुक्त शाहरुख पुत्र स्वर्गीय अब्दुल करीम उम्र करीब 26 वर्ष को एक प्लास्टिक की बोरी में दो किलो गांजा सूखा के साथ यात्री प्रतीक्षालय के पास जतौरा रोड़ ग्राम रिवई थाना चरखारी के पास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान इसका साथी अभियुक्त दानिश उर्फ बाले पुत्र फरीद मौके से भागने में सफल रहा। अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चरखारी में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। मौके से भागे हुए वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

### सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल को लेकर बैठक आयोजित



**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी समय में जनपद में सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किए जाने हेतु रूपरेखा निर्धारण करने के लिए विचार विमर्श किया गया 7 बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद महोबा में सूर्य मंदिर अत्यंत प्राचीन स्मारक है, मान्यता है कि प्राचीन समय में इसके धार्मिक महत्व के कारण दूर-दूर से पर्यटक एवं श्रद्धालु पहुंचते थे , सूर्य मंदिर के महत्व को देखते हुए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहां सन इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं सन प्लेनिटोरियम की कार्ययोजना लाई गयी, सन इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है, इसी धारणा एवं मान्यता के प्रचार प्रसार हेतु जनपद में एक सूर्य महोत्सव आयोजित किया जा सकता है जो आगामी माह जनवरी अथवा फरवरी 2026 में आयोजित किए जाने की बात रखी गई , जिलाधिकारी द्वारा उक्त के साथ ही विजय सागर पक्षी विहार में पहुंचने वाले देशी-विदेशी पक्षियों को प्रचारित प्रसारित करने के लिए वर्ड फेस्टिवल कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश वन विभाग को प्रस्ताव भिजवाने के लिए निर्देश वन विभाग महोबा को दिए गये, जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल से संबंधित अपनी राय एवं परामर्श पर्यटन विभाग को लिखित रूप में अथवा ईमेल mahobatourism@gmail.com पर भिजवा सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व कुंवर पंकज अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित पर्यटन विभाग के डॉ चित्रगुप्त सहित अन्य विभाग के अधिकारी तथा समाज सेवी, पर्यटन प्रेमी मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई

- जनसुनवाई के दौरान 94 शिकायतें आयीं, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा जन सुनवाई के दौरान अपनी फरियाद लेकर आए दिव्यांग फरियादी को सर्दी से बचाव के दृष्टिगत कम्बल प्रदान किया गया जनसुनवाई में लगभग 94 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## इटरा मेले की तैयारियां पूर्ण आज उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** इटरा के सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय मेले की तैयारियां पूर्ण हो चुके हैं। आज तड़के से श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। इस मेले में लाखों की भीड़ उमड़ती है। कई जनपदों के लोग पूजन अर्चन के लिए मेले में आते हैं। मेले में साफ सफाई, पानी, बिजली के पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं। सुरक्षा के लिए 150 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। इटरा के बजरंगबली मंदिर मेले की ख्याति जनपद के अलावा आसपास के सभी जनपदों में है। कार्तिक पूर्णिमा के बाद प्रथम मंगलवार को लगने वाले तीन दिवसीय मेले में श्रद्धा का सैलाब उमडता है। इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम दास महाराज ने बताया कि मंगलवार को पूरे दिन दर्शन पूजन का दौर चलेगा। बुधवार को विशाल दंगल होगा। गुरुवार को साधु संतों की विदाई के साथ विशाल भंडारा होगा। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मेले की सुरक्षा के डेढ़ सौ पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे हैं।

## बस्ती में बजरंग शाखा के अखाड़े में वार्षिकोत्सव मनाया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रमेडी बस्ती की बजरंग शाखा का अखाड़ा मैदान में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सह बौद्धिक प्रमुख डॉ इंद्रेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में लिए गए पच परिवर्तन के उद्देश्य सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण सहित सभी विषयों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रथम सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जो रास्ता दिखाया है उसमें चलकर अपने राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाना है द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर गुरूजी ने ऊंच-नीच छुआ छूत का भेद बुलाकर व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और समाज निर्माण से देश निर्माण मे अपनी पूरी ऊर्जा से निरंतर कार्य करने का मार्ग दिखाया है जिस पर सभी स्वयंसेवकों को निरंतर चलते रहना है तभी हमारा देश शक्तिशाली और वैभवपूर्ण समृद्धिशाली बनेगा कार्यक्रम का संचालन कर रहे धर्म जागरण, सोशल मीडिया जिला समन्यवक प्रमुख उमेश दीक्षित ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला शारीरिक प्रमुख उमाशंकर ने सभी स्वयंसेवकों का शारीरिक प्रशिक्षण कराया।

## जिलास्तरीय टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने 16 वाहन अवैध परिवहन करते पकड़े

- संयुक्त टीम वसूलेगी आठ लाख का राजस्व

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी के अनुपालन में दिनांक-09.11.2025 से 10.11.2025 को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स में राजस्व विभाग, खनन विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तहसील हमीरपुर, मौदहा एवं सरीला के अन्तर्गत चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान के तहत 16 वाहन अवैध परिवहन करते पाये गये, जिसमें 11 वाहनों को सम्बन्धित थाना/कोतवाली मौदहा, 2 वाहनों को थाना बिवांर, एक वाहन को थाना जरिया, एक वाहन को थाना कुरारा की सुपुर्दगी में दिया गया तथा एक वाहन का आनलाइन चालान किया गया। उक्त 16 वाहनों से लगभग 8.00 लाख का राजस्व वसूल किया जाना है। अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड़िग पर सतत निगरानी करते हुये अभियान चलाकर निरन्तर कार्यवाही किया जा रहा है।

## ट्रांसफर हो कर आ रहे लिपिक का सामान जलकर राख



**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के सिमरा गांव के पास मथुरा से न्यायालय हमीरपुर ट्रान्सफर में आ रहे। लिपिक का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। दमकल दस्ते ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। आगजनी में लाखों का गृहस्थी का सामान जल गया है। क्षेत्र के सिमरा गांव में न्यायालय हमीरपुर के लिपिक का घर गृहस्थी का सामान लोडर में लेकर जाते समय अज्ञात कारण से आग लग गई। जिससे सब सामान जल कर राख हो गया। आग की जानकारी होने पर ग्रामीणों व चालक ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया । तथा ग्रामीणों ने दमकल दस्ते को सूचित किया तब दमकल दस्ते ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। जनपद मथुरा न्यायालय से ट्रांसफर होकर लिपिक पद पर रायबरेली निवासी सौरभ बाजपेई हमीरपुर न्यायालय अपना गृहस्थी का सामान लोडर में लादकर हमीरपुर आ रहे थे। कुरारा थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा में अचानक पीछे लदे सामान में अज्ञात कारण के चलते आग लग गई।जब रास्ते से लोडर निकला तो लोगों ने चिल्ला कर आगजनी की जानकारी दी। लोडर चालक अखिलेश प्रजापति निवासी खरौंज ने बताया कि पीछे सामान में आग लगने की जानकारी ग्रामीणों से मिली। सौरभ बाजपेई ने बताया गृहस्थी के सामान में एक बाइक स्प्लेंडर, इनवर्टर, एसी, सोफा, बेड, अलमारी, आदि घर गृहस्थी का सामान था। उन्होंने सामान की कीमत ढाई लाख रुपए बताया है।

## डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का हेल्पलाइन नंबर जारी

- एसआईआर प्रक्रिया में समस्या होने पर डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर नंबर पर करें सम्पर्क

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर (डीसीसी) हेल्पलाइन सेंटर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान कार्यक्रम के दौरान 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. घर-घर जाकर मतदाताओ को गणना प्रपत्र वितरण करेंगे तथा वितरण किये गये गणना प्रपत्र को मतदाताओं से भरवाकर 1 प्रति में वापस लेंगे। इस कार्य में किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए मतदाता हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर-1950 के अलावा दूरभाष नंबर पर 05281-254918 पर संपर्क किया जा सकता है। डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का संचालन विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के आलेख्य प्रकाशन की तिथि से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि तक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने वोट की ताकत को बनाए रखने के लिए बी.एल.ओ. को पूरा सहयोग करें, आवश्यक होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क अवश्य करें और किसी भी त्रुटि को समय रहते सुधारें।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने को प्रेरित कर रहीं ममता

**सफलता की कहानी**
- समूह का नाम- बुद्ध भगवान महिला विकास खंड-कुरारा
- ग्राम संगठन का नाम- आरती महिला प्रेरणा ग्राम संगठन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड कुरारा के अंतर्गत ग्राम झलोखर विकास खंड से चार किलोमीटर दूरी पर स्थित है ममता ग्राम पंचायत झलोखर की निवासी है। ममता झलोखर ग्राम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सखि के पद पर कार्यरत है ममता ने महिलाओं के जागरूकता कार्यक्रम में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ममता द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु समूह में जोड़कर उन्हें आत्म निर्भर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। ममता द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत डीडीओ को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु एक अभियान के रूप में ग्राम में कार्य किया गया। उनके द्वारा अब तक सात समूह का गठन व उनके खाता खुलवाने हेतु कार्य किया गया। ममता द्वारा महिलाओं को समाज की सामाजिक मुख्य धारा में जोड़ने हेतु व उन्हें आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने हेतु जागरूक किया जाता है। समूह में ममता कोषाध्यक्ष के पद पर है। समूह की साप्ताहिक नियमित बैठक व नियमित साप्ताहिक बचत आदि में दीदी ने साहबकता की और अपने समूह का अच्छी प्रकार से संचालन किया। धीरे धीरे समूह में बचत अंश की राशि दिखने लगी ममता ने समूह से पच्चीस हजार रुपए ऋण लेकर चूड़ी की दुकान खोली उस दुकान से दीदी की आमदनी ने बढ़ोतरी हुई। जिसमें ममता को माह में 6000 से 8000 रुपए की बीच आमदनी होने लगी। दीदी की आर्थिक स्थिति में सुधार दिखने लगा। दीदी ने अपने बच्चों का दाखिला विद्यालय में कराया जो आज अच्छे प्रकार से पढ़ लिख रहे है। धीरे धीरे ममता की परिवारिक व आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। ममता दीदी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का आभार अभिनंदन व वंदन व्यक्त करती है।

## आग की चपेट में आकर बाइक सहित घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो किसानों के घर स्वाहा हो गए। आग की चपेट में आने से बाइक सहित घर की गृहस्थी और अनाज आदि खाक हो गए। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया। कबरई विकास खंड की ग्राम पंचायत डढहत माफ में रविवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। स्वामीदीन कुशवाहा के घर में आग के बाद आग ने पड़ोसी हल्के कुशवाहा के घर को आग की चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से घर में रखी बाइक, भूसा, अनाज, गृहस्थी की सामग्री आदि जलकर खाक हो गई। आग को बढ़ता देखकर आस पास के लोग एकत्र हो गए और लोगों ने पंप से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया मगर आग से दोनों घर खाक हो गए। ग्राम प्रधान फूलसिंह राजपूत ने राजस्व विभाग को सूचना दी है।

### आग से गृहस्थी हो गई खाक

**पनवाड़ी, महोबा।** शॉर्ट सर्किट से लगी आग से घर की गृहस्थी खाक हो गई। ग्राम कौनिया निवासी भागीरथ अहिरवार ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि रविवार की रात्रि उसके घर में अचानक आग लग गई। आग को बढ़ता देखकर पुत्र 5 वर्षीय सुशांत, 3 वर्षीय धैर्य और संगीता को निकाला गया। आग की चपेट में आने से टीवी, फ्रिज, कूलर, अलमारी आदि जलकर खाक हो गए। सूचना पर डायल 112 पहुंची और जानकारी हासिल की।

## शिक्षण संस्थान एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करें फीस, सीट आदि का सत्यापनः जिलाधिकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति योजना की बैठक सम्पन्न हुई। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शासन स्तर से निर्गत समय सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थान स्तर से 25 नवम्बर, 2025 तक मास्टर डाटा तैयार करने की अन्तिम तिथि निर्धारित है एवं विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन हेतु 5 दिसम्बर, 2025 अन्तिम तिथि निर्धारित है। छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर, 2025 निर्धारित है। उक्त बैठक में जिलाधिकारी नें समस्त प्राचार्य/नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त शिक्षण संस्थान अपनी एफिलियेटिंग एजेन्सी,विश्वविद्यालय से अपना फीस,सीट आदि का सत्यापन एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें साथ ही समस्त पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र को यथाशीघ्र आनलाइन कराकर प्रतिदिन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी छात्र का डाटा अग्रसारित हेतु शिक्षण संस्थान स्तर पर कदापि लम्बित न रखा जायें। जिससे कोई भी पात्र छात्र/छात्राऐं आवेदन करने से वंचित न रहने पाये। उन्हे ससमय छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### कबिरा खड़ा बजार में मैं मांग सबकी खैर...

**महोबा।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग के तत्वाधान में कठकुलवा पुरा स्थित कबीर आश्रम में सत्संग में भक्ति की रसधार बही। आयोजित सत्संग में डीएवी के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 9 के श्लोक का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि मै किसी से द्वेष नहीं रखता, न पक्षपात करता, मै तो समभाव से सभी को अपना मित्र मानता हूं। समिति के प्रमुख डॉ एलसी अनुरागी ने कबिरा खड़ा बाजार में सबकी मांगे खैर न काहू से दोस्ती न काहू से बैर की विस्तार से व्याख्या की। पंडित आशाराम तिवारी ने कहा कि सत्य का आचरण करना चाहिए। पंडित जगदीश रिछारिया ने भजन हे नाथ नारायण सुनाया। रामदीन अनुरागी और मनोज कुमार ढोलक वादक ने भी भजन सुनाए। लखनलाल, रज्जू द्विवेदी, सुरेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य जन जागरूकता गोष्ठी एवं नि:शुल्क उपचार शिविर आयोजित

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता माह पर जिसकी थीम- सेवाओं तक पहुंच- आपदा एवं आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य आदि के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम तथा नोडल अधिकारी डॉ. वी. के. चौहान के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य कुलपहाड़ महोबा में मानसिक स्वास्थ्य जन जागरूकता गोष्ठी एवं निशुल्क उपचार शिविर आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ कमलेश सक्सेना भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेश सिंह द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा बताया कि आजकल की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में चिंता, अकेलापन, मानसिक तनाव और भावनात्मक थकान बड़ रही है । लेकिन कई बार लोग इन बातों को नजरअंदाज कर देते हैं या फिर इस बारे में खुलकर बात करने से झिझकते हैं तथा उपस्थित डॉ अजय सिंह, डॉ सुमित, डॉ प्रेम दास (मनोचिकित्सक व सामाजिक कार्यकर्ता) विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों व उनसे जुड़े लक्षणों की जानकारी दी।विशेषज्ञों ने बताया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम मानवीय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है। इस थीम का उद्देश्य संकटग्रस्त परिस्थितियों, जैसे कि प्राकृतिक आपदाओं, संघर्षों और महामारियों से प्रभावित लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक कल्याण का समर्थन करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालना है। जिन लोगों का शुगर लेवल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए। बताया की युवा पीढ़ी नशे की ओर अग्रसर होना, अवसाद, अनिद्रा, नशे की लत, तनाव, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति, परीक्षा से डर लगना बच्चों का बौद्धिक विकास की कमी, पढ़ाई में मन न लगना है। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि मानसिक बीमारियों को छिपाने के बजाय उपचार के लिए आगे आएँ और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करें। शिविर में करीब 230 को देखा गया जिसमें 45 मानसिक समस्याओं से ग्रस्त मरीजों को निशुल्क उपचार दिया गया एवं मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाय गए तथा टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 1800-891-4416 एवं मन कच्छ हेल्प लाइन नंबर महोबा 7309 724176 संपर्क करने को कहा गया। कार्यक्रम मे समस्त कर्मचारियों, जनमानस को फल, पंपलेट, वितरित कर उपचार हेतु जिला अस्पताल, कमरा नंबर 4 में हर सोमवार,बुधवार व शुक्रवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक परामर्श व इलाज हेतु संपर्क कर सकते हैं।

# गॉव में गुणवत्ता के साथ टूटी सड़कों का करायें मरम्मत : सांसद

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक सम्पन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सांसद बॉदा-चित्रकूट, कृष्णा देवी, शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता व जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद ने विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समबद्धता के साथ कराये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने बॉदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं अतिक्रमण की रोकथाम की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। अधिशाषी अभियंता केन कैनाल ने बताया कि नहर पटरी रोड पर सीमांकन की कार्रवाई अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क के किनारे की झाडियों की कटाई का कार्य कालिंजर से बघेल मार्ग की कटाई एवं सफाई यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने एवं कटाये गये स्थानों की सूची प्रस्तुत करने तथा बॉदा से बबेरू रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये स उन्होंने बॉदा-बबेरू मार्ग में रोड में अवैध अतिक्रमण को चिन्हाकिंत कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जल-जीवन मिशन कार्य के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए



टूटी सड़कों की गॉव एवं गलियों में गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने तथा गॉवों में जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये तथा मरम्मत की गयी सड़कों की एक कमेटी बनाकर चेक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कमासिन में तथा लोहरस गांव की सड़क की मरम्मत जल जीवन मिशन से कराया जाने की निर्देश दिए। मुद्रा लोन एवं मुख्यमंत्री युवा रोजगार के अन्तर्गत ऋण लाभार्थियों को शीघ्र दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने, कमासिन तथा जलालपुर का सरकारी ट्यूबवेल शीघ्र ठीक कर जाने के निर्देश अधिशासी अभियंता नलकूप को दिए स बबेरू में जर्जर पोल बदलने तथा तिन्दवारी एवं सिंधौली में विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने तिंदवारी में नाला में पटाव किए जाने तथा डंपिंग ग्राउंड बनाकर कूड़ा का निश्चरण कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने अतर्रा में लाइब्रेरी बनाए जाने तथा प्रत्येक नगर निकाय में ग्राम समाज/सरकारी भूमि चिन्हित किए जाने के संबंध में निर्देशित किया सीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद बॉदा इस योजना के सर्वे में बेहतर कार्य किया गया। उन्होंने ब्लाकों एवं नगरपालिका क्षेत्र में कूडे का उचित निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध मे संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई द्वारा चेकडैमों के निर्माण कराये जाने तथा तालाबों के ड्रेसिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही एक लाख लीटर के डेयरी प्लांट को स्थापित किये जाने हेतु कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। बैठक में जलाशक्ति राज्यमंत्री ने तहसील पैलानी वह अन्य क्षेत्रों में धान की फसल को बाढ़ के कारण हुए नुकसान का सर्वे कराकर लाभान्वित कराया जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी जे0रीभा ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं पारिदर्शिता के साथ कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यों के निर्माण एवं स्थिति के सम्बन्ध में समय-समय पर अवगत कराया जाए तथा विकास कार्यों को तेज गति से पूर्ण करायें। बैठक में, विधायक बबेरू विसम्भर यादव, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुमार धर्मेंद्र,ब्लाक प्रमुखगण एवं जिला पंचायत सदस्य/समिति के सदस्यगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## अकीदत के साथ मनाया गया बड़े हजरत का उर्स

**बॉंदा, समृद्धि न्यूज।** विश्व विख्यात इस्लामी विद्वान सय्याहे एशिया मजहर रब्बानी बड़े हजरत का सालाना उर्स अकीदमंदों और उनके मुरीदों ने धूमधाम से मनाया गया ।उर्स की शुरूआत सोमवार को बाद नमाजे फजिर दरगाह सरकारे रब्बानी के गुस्ल, संदल, गुलपोशी और कुरआन ख्वानी से हुई। इसके बाद देर शाम जुलूसे मजहरी अलीगंज दारूल उलूम रब्बानिया से निकाला गया। जो कदीमी रास्तों से होता हुआ कच्चा तालाब परशुराम तालाब स्थित बड़े हजरत की दरगाह पर समाप्त हुआ। वहीं कुरआन ख्वानी के बाद सुबह रब्बानी मंजिल में नातख्वानी, मनकबत ख्वानी हुई। वहीं दोपहर 12 बजे फातेहाख्वानी के बाद लंगर शरीफ हुआ जो देर शाम तक चलता। इसके बाद चादर का जलूसे मजहरी अलीगंज से रवाना हुआ। जो कि सट्टन चौराहे से हाथीखाना, लोहिया पुल होता हुआ बड़े हजरत मजहर रब्बानी की दरगाह में समाप्त हुआ। वहीं मजार शरीफ में मगरिब की नमाज के बाद हल्काए कादरिया, सलाम व दुआ व तकसीमे तबरूक हुआ। इशा की नाम के बाद से देर रात तक तकरीरों का दोर चलता रहा। इस मौके पर मुख्य रूप सय्यद हैदर रब्बानी आबिद मियां, कारी अनवर रब्बनी, मौलाना राशिद मियां, मौलाना सय्यद वाजिद रब्बानी, अजहर मियां, कारी अब्दुल रहमान, बरकत रब्बानी सहित बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सफारी पार्क में दो एसी बसों को दिखाई हरी झंडी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमूरी ने इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सफारी पार्क में पर्यटकों हेतु बहुप्रतीक्षित दो एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा उनके द्वारा सफारी पार्क के ईको पर्यटन क्षेत्र में बनी सोविनियर शॉप का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही साथ उनके द्वारा लेपर्ड सफारी क्षेत्र का भी शुभारम्भ किया गया। इस लेपर्ड सफारी में वर्तमान में 5 शावकों के साथ लेपर्ड सफारी का शुभारम्भ पर्यटकों हेतु किया गया है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सफारी पार्क के आवासीय क्षेत्र में बने मल्टीपरपज हॉल का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर इटावा क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गयी तथा छात्राओं द्वारा सफारी का भ्रमण भी किया गया। भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सफारी पार्क में लिए गए अनुभवों को मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश के समक्ष रखे गये। इस मौके सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल, उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह, रेंजर रूपेश श्रीवास्तव, डीएफओ विकास नायक सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सक, बायोलॉजिस्ट, एजुकेशन आफीसर एवं अन्य समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

### यूपी रोडवेज बसों के अधिकारियों का दावा झूठा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** यूपी रोडवेज अपनी बसों को दुरुस्त और सुचारू हालत में चलने का दावा जरूर करता है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इसका ताज़ा उदाहरण इटावा में सामने आया, जहां रोडवेज की एक बस अचानक सड़क पर बंद हो गई। इसके बाद बस चालक, परिचालक और आसपास मौजूद लोग मिलकर बस को धक्का लगाते हुए दिखाई दिए। यह पूरा दृश्य सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दावा किया जाता है कि रोडवेज की नियमित सर्विसिंग और फिटनेस जांच की जाती है, लेकिन वीडियो में दिख रही तस्वीरें इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही हैं। बताया गया कि यह घटना इटावा के बीएसए कार्यालय के पास हुई, जहां अचानक बस बंद हो गई। बस में सवार यात्री भी असुविधा में पड़ गए। इसके बाद रोडवेज स्टाफ और कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर बस को धक्का दिया, जिसके बाद चालक किसी तरह बस को स्टार्ट कर आगे बढ़ाने में सफल हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने रोडवेज प्रशासन पर लापरवाही और मेंटेनेंस में कोताही बरतने के आरोप लगाए हैं। यात्रियों का कहना है कि जब राह चलते बसें इस तरह खराब होने लगें, तो रोडवेज के सफ़र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। हालांकि, इस मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन वायरल वीडियो ने यह साफकर दिया है कि कागजों में फिट दिखने वाली कई बसें सड़क पर आते ही दम तोड़ रही हैं। इस घटना ने रोडवेज की व्यवस्था और उसके मेंटेनेंस सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को मारी टक्कर, किशोरी घायल



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** मर्का रोड महिला डिग्री कालेज के पास, तेज रफ्तार बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक में सवार 15 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसको सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। चित्रकूट जनपद के भंभई गांव के रहने वाले कृष्ण कुमार अपनी भतीजी श्रेया पुत्री शिवलोचन व प्रीति को बाइक में बैठल कर आज सोमवार की सुबह परास गांव से अपने गांव जा रहे थे। तभी बबेरू महिला डिग्री कॉलेज के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। और मौके से फरार हो गए, जिसमें श्रेया देवी उम्र करीब 15 वर्ष के पैरों में गंभीर चोटे आई हैं। वही चाचा कृष्ण कुमार व छोटी बहन प्रीति बाल बाल बच गये, जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद श्रेया के पैर में गंभीर चोट लगने की वजह से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### सुबह-शाम सुचारू रूप से करायी जा रही समय से पेयजल आपूर्ति

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** पेयजल आपूर्ति के लिए नगरवासियों को अब बिल्कुल परेशान नहीं होना पडेगा। पालिका प्रशासन ने अधिकांशतः ट्यूबबैल सही करवा दिये हैं तथा कुछ को सही करवाये जाने का कार्य प्रगति पर है। जिसके चलते नगर में सुबह-शाम दोनों समय पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करायी जा रही है। उक्त आशय की जानकारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने देते हुए बताया कि पालिका क्षेत्रान्तर्गत संचालित कई ट्यूबबैल अचानक खराब हो जाने के चलते नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कुछ माह से खराब चल रही थी, जिससे नगरवासियों को अत्यन्त परेशानियों का सामना करना पड रहा था। किन्तु उनके स्वयं व पालिका प्रशासन के सहयोग से जवाहर रोड स्थित ट्यूबबैल सहित अधिकांशतः ट्यूबबैल रीबोर व मरम्मत आदि करवाकर संचालित करवा दिये गये हैं तथा 1-2 ट्यूबबैल सही कराने का कार्य प्रगति पर है। जिसके चलते नगर में सुबह-शाम दोनों समय करीब 20-25 मिनट की जलापूर्ति सुचारू रूप से की जाने लगी है। ऐसी स्थिति में अब नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति के लिए बिल्कुल परेशान नहीं होना पडेगा। पालिकाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि आगामी करीब 15 दिनों तक नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत सभी ट्यूबबैल संचालित होने के फलस्वरूप पालिका प्रशासन नगर में सुबह-शाम के साथ ही दोपहर में कुल 3 बार पेयजल आपूर्ति कराने के लिए प्रयासरत हैं।

# समय से स्कूल नहीं आते शिक्षक

**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों की स्थिति सुधारने के तमाम दावों के बावजूद हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है ।विकास खंड क्षेत्र जसपुरा के प्राथमिक विद्यालय के खपटिहा खुर्द के कंपोजिट विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जिसमें अध्यापकों के समय से विद्यालय न पहुंचने और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) में मनमानी करने की बात कही जा रही है ।वीडियो में विद्यालय के बच्चे भी यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि शिक्षक रोजाना देर से आते हैं ।जानकारी के अनुसार,प्राथमिक विद्यालय खपतिया खुर्द में कुल दस शिक्षक तैनात हैं,लेकिन कोई भी शिक्षक निर्धारित समय सुबह 9रू30 बजे तक विद्यालय नहीं पहुंचा ।ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में लगभग 250 छात्र नामांकित हैं,जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे अनुपस्थित पाए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की लापरवाही और एमडीएम वितरण में



अनियमितता बनी हुई है,जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ।वायरल वीडियो के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है ।खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जसपुरा ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जानकारी ली जा रही है ।वहीं, बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने कहा कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कराई जाएगी ।यदि जांच में आरोप सही पाए गए,तो संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन यह मामला विभाग की कार्यप्रणाली और विद्यालयों में अनुशासन के प्रति गंभीर सवाल खड़े करता है।

## आचार्य सुंदर सागर का मनाया अवतरण दिवस



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा मे तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज प्रिय शिष्य दिव्य तपस्वी आचार्य सुंदर सागर महाराज का 50वां स्वर्ण अवतरण दिवस एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रात:काल 7 बजे श्रीजी का प्रासुक जल से अभिषेक व शांति धारा पुजारियों द्वारा किया गया। इसके बाद तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज की मूर्ति का केसर के जल से अभिषेक आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज जी का हरे नरियल फल-फूल के साथ पूजन किया गया 50 दीपकों से महाआरती की भक्ति नृत्य के साथ की गई इसके बाद पारसनाथ दिंगबर जैन मंदिर नशिया बगिया मे पशु पक्षियों को दाना डाला गया व पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर संकल्प लिया गया।

# खाद के टोकन लेने को लेकर किसानों की लग रही लंबी लाइन

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू मध्य सेवा सहकारी समिति में खाद के टोकन लेने को लेकर सैकड़ो की संख्या में किसानों की लंबी लाइने लगती है जिससे किसान परेशान होते है।

बबेरू कस्बे के बांदा रोड स्थित मध्य सेवा सहकारी समिति का सोमवार की सुबह से किसानों ने खाद्य के टोकन लेने को लेकर सैकड़ो की संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। लेकिन सुबह 10 बजे तक सेवा सहकारी समिति का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहुंचा, वहीं किसानों ने बताया कि सुबह 5 बजे से हम यहां पर आ गए थे, कि हमारा पहला नंबर लग जाएगा, लेकिन यहां पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। जिससे सैकड़ो की संख्या में किसानों



की लाइन लगी हुई है, और अभी 10 बज चुके हैं, लेकिन अभी भी कोई भी अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि पहले अंगूठा और फिंगरप्रिंट लिए जाएंगे। उसके बाद खाद देने के लिए टोकन दिए जाएंगे। लेकिन अभी तक जब अधिकारी नहीं आए तो पता नहीं कब टोकन मिलेगा। वही कुछ लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी लेकर टोकन लेने के लिए बच्चों सहित लाइन पर लगे हुए हैं। वहीं किसानों ने बताया कि इस समय बुवाई का सीजन चल रहा है। और अगर समय से खाद नहीं मिली, तो हमारे खेत सूख जाएंगे। जिसमें फिर से पानी के लिए पलेवा देना पड़ेगा। और हमारी बुवाई भी लेट हो जाएगी, अगर खाद समय से मिल जाएगी तो हम समय से अपने खेत की बुवाई कर सकेंगे।

# मुख्य चौराहा के सुंदरीकरण को लेकर पीडब्लूडी व राजस्व विभाग ने की नाप

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहे से अतर्रा कमासिन बांदा फतेहपुर और तिंदवारी के लिए कुल पांच सड़के निकली हुई हैं। जिसमें मुख्य चौराहे के सुंदरीकरण को लेकर सरकार के द्वारा 3 करोड 73 लाख स्वीकृत हुए हैं। जिसके बाद आज सोमवार को पीडब्ल्यूडी विभाग व राजस्व विभाग की टीम के द्वारा नाप कर लाल निशान लगाया। तभी पीड़ितों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान चौराहे को केंद्र मानकर काम नहीं होगा तो हम लोग विरोध करेंगे।

बता दें कि औगासी और मर्का के यमुना नदी पुल बनने के बाद जैसे ही पुल चालू किया गया तभी से बबेरू कस्बा में चारों तरफ घंटों जाम लगता था। जिसमें लोगों ने मांग किया था। कि




मुख्य चौराहे का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जाए, जिसमें लोगों की मांग पर सरकार ने स्वीकृत कर दिया, जिसमें तीन करोड़ 73 लाख स्वीकृत हुए हैं। जिसमें सोमवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के एई रामेंन्द्र सिंह एवं नायब तहसीलदार मनोहर सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत, एवं राजस्व लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी सहित पुलिस बल के साथ मुख्य चौराहे पर नाप करने के साथ-साथ लाल निशान लगाने का काम करने लगे तो व्यापारियों में हाय तौबा मच गया। और नाप कर रहे अधिकारियों से कहा कि नाप गलत ना करें, वर्तमान में स्थापित मुख्य चौराहा को केंद्र मानकर नाप करें। वहां पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कहा कि पक्ष पात नहीं किया जाएगा अभी तो नाप की जा रही है। तब कहीं जाकर व्यापारी शांत हुए। व्यापारी राम विकास, बलराम ,रामनारायण गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, पंकज,राजवंशी, सहित सैकड़ो व्यापारियों ने मांग किया कि सरकार बसाने का काम कर रही है । लेकिन यहां तो उजाड़ने का काम किया जा रहा है। जो कतई मंजूर नहीं होगा, उधर पीडब्ल्यूडी के एई रामेंद्र सिंह का कहना है कि हमें सरकारी जमीन चाहिए, क्योंकि सरकार ने मुआवजे के लिए धन नहीं दिया। वहीं नायब तहसीलदार मनोहर सिंह का कहना है कि सरकारी जमीन का चिन्हीकरण कर शासन को भेजा गया था। उसी के तहत नाप की जा रही है।

# संकुल स्तरीय जसपुरा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन



## नांदादेव विद्यालय में बच्चों ने दिखवाया खेल कौशल, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट नांदादेव जसपुरा में दीनदयाल अवस्थी (इ.प्र.अ.) के निर्देशन में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवमंगल सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जसपुरा के अध्यक्ष चन्द्रमोहन साहू ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जसपुरा संकुल के 27 विद्यालयों के प्रतिभाशाली बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। 50 एवं 100 मीटर दौड़ में नांदादेव विद्यालय प्रथम तथा चौकीपुरवा द्वितीय स्थान पर रहा। 200 एवं 400 मीटर दौड़ में अभिषेक, शिवानी (चौकीपुरवा), प्रियांशी (भाथा) तथा अनमोल (गौरी कला) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

गोला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से वंदना (चौकीपुरवा) ने प्रथम एवं पिंकी (नांदादेव) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अनुराग एवं अनमोल (नांदादेव) विजेता बने।टीम खेलों में प्राथमिक स्तर पर कबड्डी में चौकीपुरवा तथा खो-खो में नांदादेव की टीम ने बाजी मारी।

वहीं जूनियर वर्ग में कबड्डी व खो-खो दोनों में नांदादेव के बालक-बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चौकीपुरवा व गौरीकला की टीमें दूसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान की उपस्थिति में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में राकेश सिंह (जिला उपाध्यक्ष), कुलदीप त्रिपाठी, विवेक सिंह, मिथलेश त्रिपाठी, रमेशचंद्र सेन, दीप सिंह, राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, शिवमोहन प्रजापति, दिनेश मोहन सहित शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# भाजपा कार्यालय पर प्रोफेशनल सम्मलेन संपन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में प्रोफेशनल सम्मलेन संपन्न हुआ। सम्मलेन का शुभारम्भ भाजपा के प्रेरणा पुंज पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित करके हुआ।

प्रोफेशनल सम्मलेन को मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री, विधानपरिषद सदस्य व कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में





तेजी से आगे बढ़ा रहा है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए भारी भरकम टैरिफके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा देशभर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, आज का भारत किसी देश के दबाव में कोई समझौता नहीं करता। भारत की नीतियां अब राष्ट्रहित के आधार पर तय होती हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने आए हुए सभी गणमान्यो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान तेजी से समाज के सभी वर्गों तक पहुँच रहा है। प्रबुद्ध वर्ग के सहयोग से यह संकल्प एक व्यापक सामाजिक आंदोलन बन गया। संचालन पूर्व चेयरमेन व युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने किया। प्रोफेशनल सम्मलेन पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, नवनिर्वाचित डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, हरिकिशोर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, बउआ ठाकुर, विकास भदौरिया, राजेश मिश्रा शामिल हुए।

## बाइक सवार गाय से टकराकर घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर गुलालपुर सम्पर्क मार्ग के सामने हाईवे पर आवारा गाय आ जाने से बाइक सवार गाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मध्यप्रदेश के भिंड मुख्यालय के भीम नगर निवासी कल्लू सोमवार की दोपहर घर से बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक आगरा कानपुर नेशनल हाईवे बकेवर थाना क्षेत्र के गुलालपुर सम्पर्क मार्ग के सामने पहुँची की तभी एक आवारा गाय हाईवे पर आ गयी जिससे बाइक सवार की बाइक गाय से टकरा गयी और बाइक चालक कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। कल्लू को हाइवे के किनारे घायल अवस्था में पड़ा देख आते जाते राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी पुलिस फोर्स मौके पर पहुँचा और गंभीर से घायल बाइक चालक को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने इलाज किया। तब तक घायल बाइक सवार कल्लू के रिश्तेदार आ गये और घायल को रेफ़र कराकर ले गये।

## मंडलीय पेंशन अदालत एक दिसंबर को

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में 1 दिसंबर 25 को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी। इस पेंशन अदालत में चित्रकूटधाम मंडल के जनपद बाँदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद् के अंतर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों / अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवा नैवृत्तिक लाभों (यथा पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि) से ही सम्बंधित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 21 नवंबर 25 के सांय 4 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई भी वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे। वाद पत्र/प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष जहाँ से कर्मचारी सेवा निवृत्त हुआ है को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद लेना अपेक्षित है।

# ग्रामीणों के लिए आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र, सैफई में सोमवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैफई तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह द्वारा किया गया। कुलपति ने कहा कि ग्रामीण और कृषक समाज देश की रीढ़ है। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा और जागरूकता समाज निर्माण की मूल शर्त है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज की नींव हैं, इसलिए चिकित्सा संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य



सेवाएं एवं जागरूकता का संदेश पहुंचाएं। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। कुलपति ने कहा कि यह पहल ग्रामीण विकास और समग्र स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं आपातकालीन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय और पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वावधान में ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाएंगे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र के जनरल मैनेजर कृषक प्रशिक्षण केंद्र उदय कुमार महापात्र एवं निदेशक विपिन कुमार यादव ने सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बैंक न केवल आर्थिक सशक्तिकरण बल्कि सामाजिक एवं स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी, विश्वविद्यालय के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दरगाह वारसी का सालाना उर्स 12 नवम्बर से

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

कौमी एकता की प्रतीक दरगाह वारसी में परम्परागत 101वें सालाना चार दिवसीय उर्स की तैयारी पूरी हो गयी है। देश-भर से जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 12 नवम्बर से 15 नवम्बर तक चलेगा।

यह जानकारी दरगाह हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी के ऑनरेरी सेक्रेटरी हसनैन वारिस वारसी उर्फ हनी वारसी ने देते हुए बताया कि उर्स की अध्यक्षता सैयद साद महमूद वारसी सद्दू मियां मैनेजर आस्ताना आलिया देवा शरीफ बाराबंकी करेंगे, मुख्य अतिथि सैयद साकिब मुईनी चिश्ती खादिम दरगाह अजमेर शरीफ और विशिष्ट अतिथि आई. एम. कुद्दूसी पूर्व गवर्नर झारखंड, पूर्व मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट प्रयागराज होंगे। उर्स शरीफका शुभारम्भ 12 नवम्बर दिन बुधवार को सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरान ख्वानी के साथ होगा।

## उर्स की तैयारियां हुई पूरी, दरगाह वारसी लाइटों से जगमगाया



हजरत मज़हर अली शाह वारसी का सुबह 11.47 पर कुल होगा। बाद नमाज जोहर दोपहर 3 बजे मीलाद शरीफ तथा असर बाद कुल शरीफहजरत हाजी सैयद महमूद शाह वारसी होगा, रात 10 बजे से महफ़िले जिक्र सरकार वारिस पाक होगा, 12.30 पर शब में कुल शरीफ सुल्तान हमीद वारसी व रात 2 बजे कुल शरीफ हजरत माशूक अली शाह वारसी होगा। 13 नवम्बर दिन गुरूवार बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी, बाद नमाज़ असर नजर मौलाए कायनात हजरत अली शेरे खुदा अलैहिस्सलाम होगी। रात 10 बजे महफ़िले समां शुरू होगी और रात में 1.10 पर कुल शरीफ हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी होगा। 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी, रात 11 बजे महफ़िले समां शुरू होगी जो रात भर जारी रहेगी। 15 नवम्बर दिन शनिवार सुबह 4.13 पर कुल शरीफ हज़रत हाजी हाफ़िज सैयद वारिस अली शाह आजमल्लह जिक्ररहू बादहु मजलिस इमामैन अलैहिस्सलाम होगी। बाद नमाज़ फज्र तबर्रुक वितरण के साथ उर्स का समापन होगा। ऑनरेरी सेक्रेटरी हसनैन वारिस वारसी ने बताया की दरगाह शरीफकार्यकर्ताओं ने पूरी दरगाह शरीफ को दुल्हन की तरह सजा कर अपनी मोहब्बत का सबूत पेश किया है जिसमे दरगाह शरीफ के श्रद्धालु और स्टाफ प्रमुख हैं।

## सूचना

हम अपने पुत्र पवन यादव व उसकी पत्नी अर्चना के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये गलत कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम व हमारा परिवार जिम्मेदार न होगा।
**अजय सिंह पुत्र प्रताप सिंह, सुमन देवी पत्नी अजय सिंह निवासीगण नगला समाधान, खिनमिनी, परगना-शमशाबाद पूर्व, तहसील-कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# एनएचएआई की दखलंदाजी से ठप्प नाला निर्माण पर 2 दिन की रोक



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वी बाईपास पर विकास खंड कार्यालय के निकट जीटी रोड हाईवे के किनारे अतिक्रमण हटाकर नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया नाले का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की सक्रियता के कारण रुक गया। सोमवार शाम को दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच गहन वार्ता के बाद निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से दो दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया, ताकि विवादित जमीन का स्पष्ट निर्धारण हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में एनएचएआई की ओर से लाइजनिंग मैनेजर सुमित कुमार, हाईवे मैनेजर नवीन कुमार, असिस्टेंट मैनेजर अजीत सिंह, हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर विजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। वहीं, नगर पालिका का प्रतिनिधित्व पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, कार्यकारी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार सिंह और जूनियर इंजीनियर (जेई) रविराज कौशल ने किया। वार्ता के दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने जोर देकर कहा कि विकासखंड कार्यालय की बाउंड्री वॉल के बाहर गाटा संख्या 85/12 (रकबा 0.012 हेक्टेयर) की जमीन नगर पालिका के स्वामित्व वाली है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि एनएचएआई इसे अपनी संपत्ति मान रही है, तो इसका मुआवजा किसे दिया गया? एनएचएआई के लाइजनिंग मैनेजर सुमित कुमार ने स्पष्ट किया कि दो दिनों के भीतर इस स्थान का पूरा विवरण और दस्तावेज नगर पालिका को सौंप दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यहां एक प्रमुख जंक्शन (मेजर जंक्शन) विकसित करने की योजना है, जो लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि नाला निर्माण से जगह कम पड़ गई, तो यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट रद्द हो सकता है। कुमार ने आश्वासन दिया कि दिसंबर से जंक्शन कार्य की शुरुआत हो जाएगी। इसके अलावा, यहां लगे विद्युत पोलों को हटाने के लिए विद्युत विभाग ने 45 लाख रुपये का अनुमानित खर्च (एस्टीमेट) तैयार किया है। अंततः सहमति बनी कि नाला निर्माण को दो दिनों के लिए रोक दिया जाए, जब तक विवाद सुलझ न जाए।

### हाईवे निर्माण में क्षतिग्रस्त हुई सीवर लाइन

वार्ता के दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने एक और पुराने विवाद को उजागर किया। उन्होंने बताया कि हाईवे निर्माण के क्रम में सीवर लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके चलते आवास विकास कालोनी में सीवेज की निकासी बाधित हो गई है। दुबे ने कहा, इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी एनएचएआई की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमने अब स्वयं 90 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया है। फिर भी, नाला खोदने पर आपके विभाग की दखलंदाजी जारी है। इस पर एनएचएआई अधिकारियों ने समस्या को समझा, लेकिन तत्काल समाधान का वादा नहीं किया।

### छिबरामऊ को जल्द मिलेगा नया बाईपास

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने फर्रुखाबाद चौराहे पर ट्रैफिक का भारी दबाव बताते हुए नए जंक्शन की मांग की। इस पर लाइजनिंग मैनेजर सुमित कुमार ने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर अब कोई नाला निर्माण नहीं होगा, क्योंकि छिबरामऊ को जल्द ही नया बाईपास मिलने वाला है। उत्तर और दक्षिण दोनों दिशाओं में सर्वे पूरा हो चुका है, तथा प्रस्ताव (प्रपोजल) उच्च स्तर पर भेज दिया गया है। जहां से निर्माण लागत न्यूनतम आएगी, उसी रूट से बाईपास बनेगा। इससे स्थानीय ट्रैफिक को काफी राहत मिलेगी।

# सतसंग से सुधर जाता है लोक और परलोक





**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राज कुमार गुप्ता ने कहा सतसंग से हर किसी का लोक और परलोक सुधर जाता है। उन्होंने कहा जिस मनुष्य का निराकार प्रभु से प्यार नहीं वह साध संगत से प्यार नहीं कर सकता और जो साध संगत से प्यार नहीं करता वह किसी भी मनुष्य से प्यार नहीं कर सकता। प्यार बिना जीवन बेकार हो जाता है और मन बुराई की ओर चल पड़ता है। मन को ठीक रास्ते पर चलाने के लिये सतसंग का होना बहुत जरूरी है। आज के मनुष्य विभिन्न कर्मकांडों में उलझ कर रह गये हैं और अज्ञानता में नफ़रत के बीज बो रहा हैं। वह किसी और का नहीं बल्कि अपना ही नुकसान करने में लगा है और नाम गुरु पीर पैगम्बरों का लेने में भी नहीं हिचकता। वह नहीं जानता की ऐसा करके अपने ही धर्म को हानि पहुँचा रहा है। किसी भी धर्म और सन्तों ने नफरत नहीं सिखाई। उन्होंने तो सदा प्यार नम्रता करुणा व दया का ही पाठ पढ़ाया हैं। जब व्यक्ति में आध्यात्मिकता मजबूत होगी तभी धर्म मजबूत होगा आप लोगो ने देखा भी है जब समागम होता है तब देश विदेश से महात्मा आते हैं जबकि सबके धर्म अलग अलग होते हैं लेकिन एक होकर हम सब गुरुगान भी करते हैं क्योंकि हमारा उस वक्त एक धर्म होता है, और वो है मानवता का धर्म। इससे बड़ा कोई और धर्म नहीं है। सभी का एक साथ प्यार सत्कार किया जाता है। किसी से कोई भेदभाव नहीं करता। सब मिल जुल के समागम का आनंद लेते हैं। अपना सारा गम भुला कर प्रभु परमात्मा का आशीर्वाद लेते हुए जीवन सुख मय कर लेते हैं। महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सतसंग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचारों और भजनों से साध संगत को निहाल किया।

# सजल- संग्रह 'अनमने हैं हंस' का हुआ लोकार्पण



- सातवें सजल महोत्सव में जेएनवी के शिक्षक के नवीन काव्य- संग्रह का हुआ लोकार्पण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

हिंदी भाषा और साहित्य की समृद्ध परंपरा को नई दिशा देने वाले सातवें सजल महोत्सव का आयोजन मथुरा में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक व कवि डॉ. संतोष कुमार सिंह 'सजल' के नवीन काव्य- संग्रह 'अनमने हैं हंस' सहित देशभर के 82 कवियों के सजल- संग्रहों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. हरीशंकर मिश्र (सेवानिवृत्त आचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय) तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. राजेश कुमार गर्ग (आचार्य, हिंदी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेश 'दिवाकर' (सेवानिवृत्त आचार्य, हिंदी एवं संस्थापक अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला मंच, मुरादाबाद) ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'सजल- संग्रह' श्रृंखला आज के समाज में सृजनशीलता और साहित्यिक संवेदना का सशक्त उदाहरण है। यह प्रयास न केवल नवोदित रचनाकारों को मंच प्रदान करता है, बल्कि हिंदी साहित्य की परंपरा को नई ऊर्जा भी देता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकारों, शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मंच संचालन का दायित्व संतोष कुमार सिंह (मथुरा) एवं रेखा लोधा (राजस्थान) ने किया। अंत में सजल प्रवर्तक एवं सजल सर्जना समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अनिल गहलौत ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# जर्जर स्कूल भवनों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा परिषद के तहत विकासखंड छिबरामऊ में जर्जर हालत वाले विद्यालय भवनों को ध्वस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में गठित समिति ने इन भवनों की नीलामी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। द्विवेदी ने बताया कि इस विकासखंड में कुल 84 जर्जर विद्यालय भवनों की पहचान की गई थी। इनमें से जिला स्तरीय समिति ने 74 भवनों का सघन मूल्यांकन किया और नीलामी हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए। हालांकि, कुछ प्रधानाध्यापकों ने स्थानीय आवश्यकताओं का हवाला देकर नीलामी न करने के प्रार्थना पत्र सौंपे। समिति ने इन प्रार्थनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्यालयों को नीलामी प्रक्रिया से बाहर रखा और शेष भवनों की नीलामी पूर्ण कर दी। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र वाले विद्यालयों को पुनर्विचार के लिए जिला स्तरीय समिति के समक्ष भेजा जाएगा। अनुमति मिलने पर ही इनकी अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्वदेशी जागरण मंच ने मनाई दत्तोपंत ठेंगड़ी की 105वीं जयंती

- स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प, वक्ता बोले ठेंगड़ी के विचार आज भी प्रासंगिक



रैली निकालते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी व अन्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

दत्तोपंत ठेंगड़ी ने भारत को आत्मनिर्भरता, स्वदेशी उद्योग, श्रम-सम्मान और राष्ट्र आधारित अर्थनीति का मार्ग दिखाया। उनकी दूरदृष्टि ने स्वदेशी ही स्वाभिमान है का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। यह बात वक्ताओं ने कही।

क्षेत्र के मां शीतला देवी इंटर कॉलेज डिगसरा में स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक, महान चिंतक व राष्ट्रनिष्ठ अर्थशास्त्री पंडित दत्तोपंत ठेंगड़ी की 105वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह महिला प्रमुख गीता पाठक के नेतृत्व और सुमन मिश्रा (समिति सचिव, हिंदुस्तान होटल) की अध्यक्षता में मंच के कार्यकर्ताओं व विद्यालय परिवार ने भाग लिया। महिलाओं और बच्चों ने रैली निकालकर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने नारा लगाया ÷हम हर कार्य में भारतीयता को सर्वोपरि रखें, अपने गाँव, समाज और राष्ट्र के उत्थान हेतु स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ। वक्ताओं ने कहा कि ठेंगड़ी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। यदि हम स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बना लें, तो भारत आर्थिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकता है। इस दौरान पंकज पाण्डेय, अनुज वर्मा, निखिल, डॉ. प्राची गुप्ता, संगीता शर्मा, रिया कन्नौजिया, ममता सक्सेना, सुनीता कटियार, शशि शाक्य सहित आदि रहे।

## खबरें एक नजर में


### छत से गिरकर युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला सैयदवाड़ा में अचानक हड़कंप मच गया क्योंकि छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला सैयदवाड़ा निवासी इस्माइल कुरैशी का 35 वर्षीय पुत्र पपोटे रविवार की रात अपने घर की छत पर लेट कर सो गया। देर रात लगभग 1 बजे घर के बाहर सड़क की तरफ गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने देखा तो पपोटे गंभीर रूप से घायल पड़ा था। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से वापस आने के कुछ देर बाद उसकी घर में ही मौत हो गई। घटना से परिजनों और मोहल्ले में कोहराम मच गया।

### अधिवक्ता से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला इंद्रानगर निवासी अमित कुमार पुत्र श्याम कुमार राजपूत एडवोकेट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार को रात्रि करीब 8 बजे वे अपने पिता के साथ कार से घर लौट रहे थे। जीटी रोड पर बस संख्या यूपी 78 एलटी-0367 के चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। टक्कर बचाने के लिए अमित ने हाथ दिखाकर बस रोकी, तो चालक और परिचालक उतरकर भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर पास की अन्य बसों के चालक-परिचालक भी शामिल हो गए। सभी ने मिलकर अभद्रता की और बस चालक ने लोहे की रॉड से अमित के सिर पर हमला कर दिया, जिससे सिर और शरीर में चोटें आईं। भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर बसें लेकर फरार हो गए। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### बालिकाओं को सिखाए यातायात के नियम, सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेई के मार्गदर्शन में यातायात माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसीक्रम में प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी ने उपनिरीक्षक आफाक खां के साथ नगर के जेपी इंटर कॉलेज एवं सुशीला देवी इंटर कॉलेज में बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रभारी यातायात ने छात्राओं से कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा सावधानी बरतें और यातायात संकेतों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जब तक 18 वर्ष की आयु पूरी न हो जाए और ड्राइविंग लाइसेंस न बन जाए, तब तक वाहन न चलाएं। साथ ही छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिवार के सदस्यों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। टीएसआईआफाक खान ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और कहा कि छोटी- छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती हैं। प्रभारी यातायात ने छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित पैंपलेट भी वितरित किए और उन्हें यातायात के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प दिलाया।

# सतत उत्पादन हेतु जरूरी है मृदा परीक्षण : डॉ. अरविंद कुमार



प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी व वैज्ञानिक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा एक दिवसीय प्रसार कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन कन्नौज में किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सतत कृषि उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण से मृदा की गुणवत्ता और उर्वरता का सही आंकलन किया जा सकता है, जिससे किसान अपनी फसलों के लिए उचित उर्वरक एवं अन्य आदानों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो न केवल उत्पादन बढ़ाने में सहायक है बल्कि मृदा की दीर्घकालिक सेहत बनाए रखने में भी मदद करती है। उन्होंने किसानों को मृदा नमूना लेने से लेकर परिणामों के विश्लेषण तक की पूरी प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार ने भी किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी एवं 25 कृषि सखियों ने प्रतिभाग किया।

### मृदा परीक्षण के चरण बताए

जलालाबाद। सबसे पहले खेत से 6 से 8 इंच गहराई तक मृदा का नमूना एक साफ व सूखे बर्तन से लिया जाए। इसके बाद नमूने को छांव में सुखाकर एक साफ पॉलीथीन बैग में रखा जाए। फिर मृदा परीक्षण किट की मदद से श्व॥, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा जांची जा सकती है। परिणामों के आधार पर उचित उर्वरक और जैविक सुधारक का उपयोग करने की सलाह दी गई।

### परीक्षण के गिनाए लाभ

जलालाबाद। मृदा परीक्षण से किसान उर्वरकों का सही उपयोग कर सकते हैं, जिससे फसल उत्पादकता बढ़ती है और मृदा की गुणवत्ता में सुधार होता है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है, बल्कि किसानों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है।

## बाइकर्स गैंग ने मारपीट कर चाय विक्रेता को लूटा

- बच्चों की फीस के लिए एकत्र किए थे रूपये
- दुकान बंद कर गांव जा रहा था पीड़ित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के तालग्राम रोड पर कपूरपुर पुलिया के आगे बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल से जा रहे दुकानदार को मारपीट कर उससे नगदी और मोबाइल लूट लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। पीड़ित ने बताया कि बच्चों की फीस जमा करने के लिए उसने रूपये एकत्र किए थे। क्षेत्र के हाथिन गांव निवासी अवधेश कुमार गुप्ता पुत्र जवाहरलाल नगर के तालग्राम तिराहा पर पिछले करीब 22 वर्षों से चाय की दुकान किए है। प्रतिदिन की तरह रविवार की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर वह साइकिल से अपने गांव हाथिन जा रहा था। उसने बताया कि जब वह कपूरपुर पुलिया के आगे पहुंचा, तभी बाइक से आए तीन युवकों ने पहले तो उसे धक्का दे दिया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सडक़ किनारे जा गिरा। खतरे की आशंका को देखते हुए वह साइकिल छोडक़र भाग खड़ा हुआ। इस पर बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और उसकी जबरदस्त पिटाई कर दी। बदमाश उसके पास से 7 हजार 600 रूपये की नगदी व मोबाइल लूट ले गए। किसी तरह उसने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर कसावा चौकी और बहवलपुर चौकी के साथ डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के बाद पुलिस वापस लौट गई। पीड़ित अवधेश गुप्ता ने बताया कि उसके दोनों बच्चों की चार माह की ट्यूशन और स्कूल की फीस बकाया थी। फीस जमा करने के लिए उसने सात हजार रूपये एकत्र किए थे। इसके साथ ही पूरे दिन की दुकानदारी के 600 रूपये उसके पास थे। जिन्हें बाइक सवार बदमाश लूट ले गए। उसने बताया कि अब वह अपने बच्चों की फीस कैसे भर पाएगा। वहीं बदमाशों की पिटाई से भी उसे चोटें आई हैं।

# भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का जल्द हो निस्तारण : डीएम



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जिला सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त शिकायतों की हुई सुनवाई, भूमि विवाद, पेंशन, शस्त्र दर्ज नवीनीकरण और अन्य मामलों पर अधिकारियों को तय की गई स्पष्ट समयसीमा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कर भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिजनों एवं आश्रितों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तारपूर्वक सुना गया और सम्बंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, पेंशन संबंधी दिक्कतें, विभागीय पत्राचार में देरी और प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों सहित कुल 16 शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्काल, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि देश की रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या टालमटोल की प्रवृत्ति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की जाए, ताकि आगामी बैठक तक सभी प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि समस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता न होकर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंदूक के दम पर दबंगों ने जेसीबी से खोद ली मिट्टी

**जालौन समृद्धि न्यूज़।**

दबंगों ने चार जेसीबी मशीन लगा कर बंदूक की दम पर खेत से मिट्टी की खुदाई कर ली। किसानों के मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। किसानों ने उपजिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना कुठौन्द के ग्राम धराना निवासी अमर सिंह, मंगल सिंह अमर सिंह व राजेश्वरी वेंदा ने बताया कि उनका औरइया मार्ग शंकरपुर चौकी के पास स्थित खेत है। गाटा संख्या 294 ट, 294 ग में रविवार की रात को राजनारायण आदि लोगों ने 4 जे सी बी मशीन लगाकार खुदाई शुरू कर दी। जब उन्हें खेत में मिट्टी की खुदाई शुरू होने की जानकारी हुई तो वह खेत पर पहुंच गयी। जब सहखातेदार भाई रविन्द्र सिंह ने डायल 112 पर फोन कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उनके भाई रविन्द्र सिंह व एक मिट्टी के काम में लगे व्यक्ति को पकड़ कर ले गये हैं। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को बताया कि उनके खेतों से बंदूक के बल पर खनन करने वालों ने जबरन मिट्टी की खुदाई की तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस किसानों ने उपजिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर किसान रविन्द्र सिंह को पुलिस से छुड़वाने व बंदूक के दम पर उनके खेत से मिट्टी खुदाई कराने वालों के अवैध खनन का मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने की मांग की।

## इंडियन बैंक शाखा मंडी में अचानक खराबी से कामकाज ठप्प

**जालौन।** नगर में संचालित इंडियन बैंक की मंडी शाखा में अचानक खराबी आने के कारण कामकाज ठप्प है। कैश की कमी व सर्वर की खराबी के कारण लेनदेन बंद है जिससे व्यापारी, कर्मचारी व पेंशनर्स परेशान हैं। सोमवार को इंडियन बैंक में कैश की कमी के कारण बैंक अपने उपभोक्ताओं को मनचाहा कैश नहीं दे रही थी। बैंक अधिकतम 50 हजार रुपए का भुगतान दे रही है। पूरा भुगतान न मिलने से पहले से नाराज थे जैसे ही दोपहर हुई वैसे ही अचानक करीब एक बजे नेटवर्क में खराबी आ गयी। नेटवर्क में खराबी आने के कारण बैंक में लेनदेन सब बंद हो गयी।

# बारिश से बर्बाद फसलों का भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन ने दिन सोमवार को अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की क्षति का मुआबजा एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा दिलाये जाने के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को सौंपते हुए बताया कि जनपद में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट हो चुकीं हैं। जिनका शासन प्रशासन नुकसान की भरपाई दैवीय आपदा राहत कोष से अभिलम्ब दे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों की भरपाई की जाए वहीं खरीफ की फसलें धान ज्वार बाजरा मूंग इत्यादि फसलें कटने के बाद खेतों में पड़ी हुई थीं लेकिन अतिवृष्टि से वह भी नष्ट हो गयीं और किसानों को दुबारा बुबाई के लिए कम समय मे। पकने बाले बीज प्रशासन द्वारा भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराते हुए खाद्य भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल डा. पीडी निरंजन भगवान सिंह कुशवाहा दुर्गा प्रसाद महेंद्र सिंह मुकेश कुमार राजपूत बलवान सिंह कौशल किशोर शैलेंद्र कुमार मानसिंह लक्ष्मण सिंह बृज किशोर अरविंद कुमार परमसुख मलखान सिंह राम प्रकाश रघुराज शिवराम नंदकुमार अशोक कुमार हरि नारायण आत्माराम नेक सिंह किशन प्रसाद महेश पटेल बृजेंद्र पटेल जय राम रविंद्र रामकिशोररविंद्र रामकिशोर दिनेश प्रताप सुरेंद्र पाल मंसाराम सहित भारतीय किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ता व सदस्य और किसान मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के मानको में जालौन पुलिस ने फिर मारी बाजी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित ब्ड-डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था से सम्बन्धित मानकों पर आधारित रैकिंग में उत्तर प्रदेश में जनपद जालौन को प्रदेश भर की रैकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लगातार सातवीं बार टॉप-टेन में बरकरार।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस विभाग के कार्यो की परफॅार्मेंस के आधार पर प्रदेश स्तर पर प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में 2025 में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में जालौन पुलिस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक जालौन डा. दुर्गेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यो की स्वंय मॉनीटरिंग करते हुए सभी संबंधित को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। ब्ड-डैशबोर्ड के अन्तर्गत पुलिस विभाग की विभिन्न पोर्टलों की प्रचलित सेवाओं मे किये गये कार्य प्रदर्शन की समीक्षा कर रैंकिंग की जाती है। पुलिस अधीक्षक जालौन डा. दुर्गेश कुमार के दिशा-निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन श्री प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार के ब्ड-डैशबोर्ड पर विभिन्न सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा समीक्षा कर ब्ड-डैशबोर्ड पोर्टल पर आ रही कमियों को दूर किया गया तथा विभिन्न पोर्टलों पर समयबद्ध कार्यो हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशानुरूप इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से विभिन्न पोर्टलों पर प्रचलित सेवाओं में जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप माह अक्टूबर में जनपदीय पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लगातार सातवीं बार टॉप-टेन में बरकरार बनी हुई है। 2025 में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश के कुल- 51 परियोजनाओं में से 34 परियोजनाओं-एससी-एसटी एक्ट में कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट में अपराधियों की गिरफ्तारी, गुण्डा एक्ट की कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व महिला सम्बन्धी अपराधों में कार्यवाही तथा सत्यापन सम्बन्धी कार्यवाही, चरित्र प्रमाण पत्र, धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि की कार्यवाही प्रदेश स्तर पर जनपद जालौन की सर्वाधिक (ग्रेड-ए) रही है। जालौन पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी तथा नागरिक सुरक्षा एवं अपराध-भय मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है।



पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम मो. उस्मान हुसैन पुत्र इबने हसन निवासी आवास विकास वार्ड नं.-4 किच्छा, तहसील किच्छा, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड है। जो मेरे आधार कार्ड नंबर 693711488688 तथा पैन कार्ड में अंकित है। मेरे पासपोर्ट में मो0 उस्मान नाम अंकित है। मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। पासपोर्ट में अंकित नाम मो0 उस्मान हुसैन पढ़ा व समझा जाये।

**सूचनाकर्ता**
**मो. उस्मान हुसैन पुत्र इबने हसन निवासी आवास विकास वार्ड नं0-4 किच्छा, तहसील किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड।**





# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को ग्राम पंचायत में चाक चौबंद मिलीं व्यवस्थायें

**बीडीओ व उनकी टीम को दिया साधुवाद**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की टीम ने ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं का हाल जाना। व्यवस्था ठीकठाक मिलने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार दूसरे दिन प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखाना का निरीक्षण किया। टीम ने प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर एमडीएम के भजन का स्वाद चखा। यहां तैनात प्रधानाध्यापक भानु प्रताप सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा की सराहना की। इसके बाद टीम ने प्रधानमंत्री आवास, आरोग्य मंदिर और एनबीआर इंटर कॉलेज भी देखे। निरीक्षण के दौरान आरोग्य मंदिर में खराब पड़े कूड़ेदानों को बदलने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने गांव में नाली की साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था का भी जायजा लिया। बताते चलें कि टीम के निरीक्षण के लिए आने की सूचना पर बीडीओ ने पहले ही व्यवस्थायें चाक चौबंद कर दी थीं, जिससे सभी आईएएस अधिकारियों ने विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान तथा उनकी टीम की सराहना की। वहीं बिजली व्यवस्था, प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, राशन की दुकान, ग्रामीण बैंक, पंचायत भवन, डाक घर, सामुदायिक शौचालय, जल निगम की टंकी, सीएचसी आदि का जायजा लिया और एनबीआर इंटर कॉलेज में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की तथा उन्हें बेहतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर आईएएस अधिकारी बनने का सपना पूरा किया जा सकता है। अधिकारियों ने आईएएस बनने के लिए आवश्यक योग्यता जैसे स्नातक की डिग्री और निर्धारित आयु सीमा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को धैर्य रखने और चुनौतियों का सामना करने का मैसेज दिया, ताकि वह अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें और देश का नाम रोशन कर सकें। छह सदस्यीय टीम में अक्षय, दिलीप, राहुल कुमार चौधरी, आदित्य कुमार, कृष्णकांत लूना, दिव्यांशी अग्रवाल और नंदन जीपी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर लोकेश शर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, सचिव सुनील कुमार सिंह, ग्राम प्रधान प्रीति देवी, प्रतिनिधि सुनील कुमार, ग्राम सचिव मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, कुलदीप राजपूत, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार, इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, सीएम फॉलोअर इंदल बाबू तथा विकास खंड के समस्त कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



ग्राम पंचायत का निरीक्षण करती टीम

# सचिव व प्रधान मिलकर खा गये पैसा...



क्षतिग्रस्त पड़ा ठोस अपशिष्ट कूड़ा संग्रहालय केंद्र

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बनने के छह माह बाद ही ठोस अपशिष्ट कूड़ा संग्रहालय केंद्र खंडहर में तब्दील हो गया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योनी के सचिव तथा ग्राम प्रधान मिलकर पैसे का जमकर बंदरबांट कर रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीते एक वर्ष पूर्व सरकार के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतों में कूड़ा अपशिष्ट केंद्र बनाए गए थे। जो ग्राम प्रधानों ने अपनी मनमानी के चलते मानक के हिसाब से नहीं बनाए थे। जिसमें बालू सीमेंट की मात्रा भी पूर्ण रूप से नहीं तय की गई थी। जिसके चलते 6 माह में ही कूड़ा संग्रहालय केंद्र छह माह में ही खंडहर में तब्दील हो गये। जब इस बावत ग्राम प्रधान बबलू कठेरिया तथा सचिव से इस बात जानकारी की गयी, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जिससे साफ जाहिर है कि योगी सरकार में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है। विकास के लिए आने वाले पैसों का प्रधान व सचिव मिलकर बंदरबांट कर रहे हैं। जिससे जनता में खासा आक्रोश व्याप्त है, जबकि सरकारी धन का दुरुपयोग करने पर शासनादेश के अनुसार उच्च अधिकारी तत्काल कार्रवाई करते हैं, लेकिन इस ग्राम पंचायत पर अधिकारियों का ध्यान अभी तक क्यों नहीं गया है। यह लोगों की समझ से परे है। जिसके चलते ग्राम प्रधान का मनोबल बढ़ता जा रहा है और ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को ना कराकर पैसे की जोड़तोड़ में सरकारी खाते से धन निकालने की फिराक में बने रहते हैं।

## अधेड़ ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या



लोहिया अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराबी अधेड़ ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दे दी गयी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा अंतर्गत मोहल्ला नौलक्खा निवासी कल्लू पुत्र मिड़ई लाल को उसका पुत्र विनय सुबह करीब 4:30 बजे लोहिया अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्र विनय द्वारा बताया गया कि सोमवार सुबह वह सब्जी मंडी के लिए घर से निकले थे। वह शराब पीने के आदी थे। मुझे 6:00 लगभग मालूम हुआ कि पिता कल्लू ने जहरीला पदार्थ खा लिया है और वह खेत में पड़े हैं। सभी पारिवारीजन भागकर खेतों की तरफ गए। पिता को बेहोशी हालत में उठाकर डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रकवाकर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गैर इरादातन हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दस वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष ई0सी0 एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने गैर इरादातन हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामप्रकाश निवासी खिमसेपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 35 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते पांच वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम खिमसेपुर निवासी सोनी उर्फ कीर्ति पत्नी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने दी गई तहरीर में बताया कि मेरी बहन राधा जो अपने पति की हत्या में जेल में है। उसके दो बच्चे सुमित और सौम्या जो मायके में रहते थे। उनकी सही देखभाल न होने के कारण अपने साथ खिमसेपुर में करीब बीस दिन पहले अपने साथ लायी थी। दिनांक 29.09.2020 को समय करीब दिन के 11 बजे मेरे पति संतोष कुमार ने मेरी बहन के लड़के सुमित जो कि पांच वर्षीय था रोजाना बिस्तर पर लैट्रिन कर देता था। मेरे पति नशे के आदी हैं जो नशे में थे। जिन्होंने गुस्से में आकर सुमित के डंडा मार दिया। जो धोखे से सर में लग गया। जिसको मैंने उठाकर खाना खिलाया और रात में वह अचेत हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। मेरे पति ने सुमित का शव एक बोरे में रखकर कहीं छुपा दिया। मेरे पति ने मुझसे कहा कि यदि किसी को बात बताई तो तुम्हारे जो बच्चे हैं उन्हें भी मार दूंगा। इसी वजह से डर के कारण मैंने किसी को नहीं बताया। आज मुझसे रहा नहीं गया। तब मैं आज सूचना देने थाने आयी हूँ। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने संतोष कुमार श्रीवास्तव को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व 35 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नाला घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत नवाबगंज तिराहा बाईपास पर निर्माणाधीन नाले को लेकर लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नाले का निर्माण अमानक तरीके से किया जा रहा है। जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। निवासियों ने बताया कि सीमेंट और रेत का अनुपात सही नहीं रखा जा रहा है। इसके कारण नाला बनने से पहले ही जगह-जगह प्लास्टर छूटकर दिखाई देने लगा हैं। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और नगर पंचायत अधिकारी निर्माण कार्य की ठीक से निगरानी नहीं कर रहे। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि बरसात में इस तरह का नाला टूट सकता है। जिससे जलभराव की समस्या और बढ़ जाएगी। इस सम्बन्ध में कस्बा निवासी योगेश यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की है। स्थानीय लोगों ने भी जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।



अमानक बनाया जा रहा नाला

## दो महिलाओं ने पीया जहर, दोनों की हालत गंभीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

अलग-अलग स्थानों पर थाना मेरापुर के गांव नगला देशी निवासी कुसमा देवी उम्र 30 वर्षीय पत्नी छोटेलाल व कम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी सुनीता उम्र 32 वर्षीय पत्नी रणवीर सिंह ने ग्रह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आए। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# मंदिर निर्माण की खुदाई में निकले जेवरात, मजदूर लेकर भागे



मौके पर पूछताछ करती पुलिस

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

मंदिर निर्माण की खुदाई के दौरान मजदूरों में उस समय छीनाझपटी मच गयी, जब एक बड़े सोने के गिलास में सोने चांदी के जेवरात निकले। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जेवरातों को अपने कब्जे में लेकर मालखाने में जमा करा दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम श्रृंगीरामपुर निवासी रवि औदिच्य पुत्र सुरेन्द्र औदिच्य जो वर्तमान में आगरा में रहते हैं, उनके घर के बाहर मंदिर निर्माण की खुदाई उनके भाई दीपू करवा रहे थे। खुदाई के दौरान मजदूर को मिट्टी के अंदर एक बड़ा सोने का गिलास मिला। दीपू ने जब उसे खोला तो उसमें पुराने जेवरात और मोती भरे हुए थे। दीपू ने तत्काल आगरा निवासी मंदिर के मालिक रवि औदीच्य को इसकी सूचना दी। रवि औदीच्य के श्रृंगीरामपुर पहुंचने के बाद 112 नंबर पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही कमालगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार और सीओ संजय वर्मा मौके पर पहुंचे। दीपू ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी सत्यनारायण और मूलचंद जेवरात लेकर गए हैं।

पुलिस ने दोनों को बुलाकर जेवरात लौटाने को कहा। इस पर सत्यनारायण ने सोने के दो टूटे हुए कड़े और मूलचंद ने एक टूटी हुई झुमकी वापस कर दी। पुलिस ने सोने का गिलास, कड़े और झुमकी अपने कब्जे में ले लिए। वहीं कुछ जेवरात अब भी बरामद नहीं हो सके हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि शेष जेवरात भी बरामद किये जायेंगे।



गालियों में भ्रमण कर रहे आवारा कुत्ते

## नगर की गालियों में आवारा कुत्तों का राज, सुप्रीम कोर्ट का आदेश बेअसर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर में आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ने से जनमानस भयभीत हैं। जगह–जगह आवारा कुत्तों के झुंड दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं नगर पालिका इस ओर अभी तक जागरूक नहीं है जबकि अन्य नगरों में इन आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। बताते चलें कि पिछले दिनों उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के संदर्भ में महत्वपूर्ण आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाबजूद भी नगरपालिका नहीं जागी है। नगर की हर गली, मोहल्ले में पूरी तरह से आवारा कुत्तों का आतंक है। यह कुत्ते बच्चों व लोगों पर हमला बोलेकर उन्हें काटकर लोहिया अस्पताल का रास्ता दिखा रहे हैं। हर दिन लोहिया अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए दर्जनों लोग आते रहते हैं। मगर जिम्मेदार पूरी तरह से इन कुत्तों को पकड़वाने के प्रति लापरवाह हैं। लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश नगर पालिका के लिए बेअसर साबित हो रहा है। नगर के हर वार्ड में दर्जनों की संख्या में आवारा कूत्ते घूमते रहते हैं। नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम करे। जिससे जनता को इन आवारा कुत्तों से निजात मिल सके।

# जनपद दौरे पर आये वन एवं पर्यावरण मंत्री ने किया वृक्षारोपण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जनपद दौरे पर आये सूबे की सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने मौजद लोगों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। साथ ही सभी से पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पेड़ लगाने की नसीहत दी। विकास खंड क्षेत्र मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत पुठरी में सोमवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने पहुंचकर वृक्षारोपण किया। मंत्री के आने की सूचना पर आला अधिकारी एसडीम सदर रजनीकांत पाण्डेय तथा क्षेत्र अधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, क्राइम इंस्पेक्टर संजय राय सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मी मंत्री के स्वागत में मौजूद रहे। वहीं वन विभाग से डीएफओ तथा क्षेत्राधिकारी वन विभाग, क्षेत्रीय दरोगा सचिन कुमार, दरोगा जहीर खान, राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, योगेंद्र सिंह राठौड़, सुदेश सहित क्षेत्रीय कई भाजपा कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम समापन के उपरांत मंत्री नवाबगंज कस्बे के चौराहे पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन के जनसंपर्क कार्यालय पर भी आए। जहां राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और जलपान कराया। वहीं क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। इस मौके पर कुलदीप भारद्वाज, दिव्यांश रंजन, सजल कुमार उर्फ सूर्यांश रंजन युवा नेता सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते वन एवं पर्यावरण मंत्री

# पत्नी के सामने फांसी पर झूला युवक, मौत से मचा कोहराम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कादरीगेट क्षेत्र के शांति नगर मोहल्ले में शनिवार की रात घरेलू कलह के चलते एक युवक ने पत्नी के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शांति नगर निवासी 28 वर्षीय राहुल बाथम पुत्र सूरज बाथम की पत्नी रोली करीब 14 महीने पहले मायके रूपापुर (जनपद हरदोई) चली गई थी। कुछ दिन पूर्व ही वह ससुराल लौटी थी। बताया गया है कि शनिवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बीच गुस्से में आकर राहुल ने कमरे में साड़ी से छत के कुंडे में फांसी लगा ली। घटना रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक राहुल ने दम तोड़ दिया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की मां रूपरानी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# गन्ने का रकवा घटा, लक्ष्य पूरा करना मिल प्रशासन के लिए चुनौती

**16 नवंबर से पेराई सत्र शुरू होने की सम्भावना, मिल में मरम्मत कार्य जारी**

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

द किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र 16 नवंबर से शुरू होने की संभावना है। मिल परिसर में पुरानी मशीनों की मरम्मत और नए पार्ट्स लगाने का कार्य तेजी से जारी है। हालांकि बाढ़ से इस बार गन्ने की फसल को हुए नुकसान और दो गन्ना सेंटरों के चले जाने से लक्ष्य पूरा करना मिल प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। किसान सहकारी चीनी मिल में नए पेराई सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। मिल प्रशासन 16 नवंबर से पेराई सत्र शुरू करने की तैयारी में जोरों पर हैं। मिल के प्रधान प्रबंधक मोहम्मद शादाब असलम ने शनिवार को मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने मरम्मत कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और जहां भी कार्य में कमी दिखाई दी। उसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। प्रबंधक ने बताया कि इस बार कई मशीनों में नए पार्ट्स लगाए गए हैं ताकि पेराई के दौरान कोई तकनीकी खराबी न आए और किसानों को असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि इस बार मिल प्रशासन ने करीब 17 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बाढ़ के पानी से हजारों कुंतल गन्ना नष्ट हो गया है। जिससे तराई क्षेत्र के गांवों से गन्ने की आवक घटने की संभावना बन गई है। वहीं शमशाबाद क्षेत्र के रूपापुर और एक अन्य गन्ना सेंटर के रूपापुर चीनी मिल को चले जाने से भी कायमगंज मिल को नुकसान हुआ है। इससे पेराई लक्ष्य तक पहुँचना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में करीब 10 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा 7 से 8 लाख कुंतल के बीच रहने का अनुमान है। मिल प्रशासन ने दोनों गन्ना सेंटरों की वापसी के लिए फेडरेशन को पत्र भी भेजा था, परन्तु अब इसकी संभावना बहुत कम बची है। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि क्षेत्र में गन्ने का रकवा लगातार घट रहा है।



मिल में चल रहा मरम्मत का कार्य

# युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हाथ बांधकर युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में मऊदरवाजा थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अपराध संख्या शून्य पर दर्ज रिपोर्ट की कॉपी राजस्थान भेजी जाएगी पुलिस ने पीड़ित महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया है। राजस्थान के जिला झुनझुन थाना उदयपुर वाटि के ब्राह्मणों वाली ढाणी किरोरी रोड नोहरा नगर पालिका वार्ड 11 की रहने वाली पीड़ित युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है। कि मेरी शादी 2016 मे मेरे माता पिता ने राजस्थान में कर दी थी। मैं नौकरी कि तलाश में 27.10.2025 को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर थी, तो मुझे बंटू व महिला मोहरश्री मिले। मुझे नौकरी व शादी का झांसा देकर अपने साथ कासगंज ले गये 31.10.2025 तक सहावर गेट कासगंज एक्सिस एटीएम के पास कुलदीप जौहरी के मकान में रखा। 31 अक्टूबर की शाम को सत्यपाल पुत्र नंदराम यादव निवासी सुभानपुर अछल्दा जिला औरैया व जवाहर लाल निवासी ग्राम सलेमपुर थाना मऊदरवाजा जिला फर्रुखाबाद व जयवरन पुत्र बेचेलाल निवासी महमदपुर कामराज थाना नवाबगंज चार पहिया गाड़ी से ग्राम सलेमपुर जवाहर लाल के घर ले गये। वहां मेरे साथ मेरी मर्जी के बगैर सत्यपाल ने मेरी मांग में सिन्दूर लगा दिया और सत्यपाल व जयबरन ने जबरदस्ती हाथ बांध कर गलत काम किया। 02.11.2025 को सुबह मुझे कोट मैरिज करने के लिये सत्यपाल अपने साथ ग्राम सुभानपुर जिला औरैया बाइक से लेकर गये। रिपोर्ट में पीड़ित महिला ने कहा है कि ग्राम सुभानपुर में भी मेरे साथ सत्यपाल ने गलत काम किया। 5 दिन रखने के बाद मुझे सत्यपाल, जयवरन व सत्यपाल की पत्नी जूली ने मेरे फोन व स्त्री धन को तोड़ दिया।

# जलभराव की समस्या को लेकर भाकियू कार्यकर्ता ईओ से मिले



ईओ से मिलते भाकियू कार्यकर्ता

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में हुए जलभराव को लेकर भाकियू कार्यकर्ता अधिशाषी अधिकारी से मिले और समस्या से अवगत कराया। अधिशाषी अधिकारी ने उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया। नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 के निवासी संजय कुमार के साथ लगभग एक दर्जन भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और उन्होंने तालाब में हुए जल भराव के बारे में अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने उनकी समस्याओं का समाधान जल्द करने का भी आश्वासन दिया, लेकिन खास बात यह है कि जब गांव में तालाब बहुत पुराने हैं और उनके पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं है तो नगर पंचायत कार्यालय के लोग कहां पानी का निकास बना सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जब किसानों की फसलों में पानी लगेगा, तो यही पानी लोगों के खेतों की फसल भरने के काम में उपलब्ध कराया जाएगा।

तब जल भराव की समस्या समाप्त होगी। वहीं लोगों ने टूटी पड़ी नालियों की भी समस्या बताई, लेकिन वह नालियां ग्राम पंचायत स्तर से बनी हुई है। जिसको अधिशासी अधिकारी ने अपने बाबू विकास कुमार को बताया कि वह जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए गली और नाली बनवाने के लिए टेंडर कर दें और जैसे ही पैसा आएगा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## सफाईकर्मी से अभद्रता करने पर साथी सफाईकर्मी हुए लामबंद



साथी के पक्ष में लामबंद सफाईकर्मी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के मुहल्ला रायपुर निवासी विपिन कुमार नगर पंचायत नवाबगंज में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। विपिन कुमार कूड़ा गाड़ी के चालक विजय प्रताप के साथ सोमवार सुबह लगभग आठ बजे कूड़ा उठाने बार्ड नंबर 08 शास्त्रीनगर गया था। विपिन कुमार जब कूड़ा उठा रहा था, तभी मुहल्ले के ही वासिद आदि ने कूड़ा गाड़ी को रोक लिया। जब काफी देर बाद चालक विजय प्रताप कूड़ा गाड़ी लेकर जाने लगा, तभी वासिद व उसके साथी ने चालक को कूड़ा गाड़ी ले जाने से मना कर युवक सफाईकर्मी से अभद्रता कर जातिसूचक गाली–गलौज करने लगे। गाली–गलौज का विरोध करने पर युवक व उसका साथी मारपीट करने पर आमादा हो गए। सफाई कर्मी ने विवाद के दौरान युवक द्वारा झूठी दतून मुंह में डालने का आरोप लगाया। विवाद होता देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी होने लगी। विवाद बढ़ता देख सफाईकर्मी अपने साथी चालक के साथ गाड़ी छोड़कर भाग आया। सफाईकर्मी के साथ हुई अभद्रता से नाराज लगभग तीन दर्जन सफाई कर्मियों ने थाने पहुंचकर पुलिस से युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। थाना पुलिस को सफाईकर्मी विपिन कुमार ने दो नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# चोरों ने किरायेदार के मकान का ताला तोड़कर उड़ायी नकदी व जेवरात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

किरायेदार के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व जेवरात चुरा लिये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार सरोज पुत्र फिरोज मूल रूप से अमेठी जदीद थाना कादरी गेट का निवासी है। वह पिछले दो महीने से शमशेर खानी मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहा था। उसकी ससुराल भी पास में ही है। सरोज ने बताया कि घटना के दिन उसकी पत्नी और बच्चे अपने सास-ससुर के साथ मदार साहब के मेले में गए थे। शाम को जब वह घर लौटा, तो उसने खाना खाया। बाद में उसका साला गुलशन आया और उसे अपने घर (ससुराल) सोने के लिए बुला लिया, क्योंकि घर में कोई नहीं था। सुबह जब सरोज वापस अपने किराए के मकान पर आया, तो उसने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर कमरे का ताला भी टूटा मिला। अलमारी का लॉक खुला था और उसमें रखे रुपये व जेवरात गायब थे। सरोज के अनुसार उसकी पत्नी के आने के बाद ही चोरी हुए जेवरात का सही विवरण पता चलेगा। हालांकि उसने बताया कि उसके साले से बात करने पर पता चला कि अलमारी में 50-55 हजार रुपये नगद रखे थे जो चोरी हो गए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने जानकारी दी कि उन्हें चोरी की घटना का प्रार्थना पत्र मिला है। पुलिस टीम मौके पर जाकर जांच कर चुकी है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटना की जानकारी देता पीड़ित किरायेदार

## साइकिल की टक्कर से छात्र घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव लखनपुर निवासी रिशव उम्र 5 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार जाटव जो की टीआर कानवेन्ट विद्यालय में पढ़ता है। रोज की भांति सोमवार को भी वह स्कूल पढ़ने गया था। स्कूल की छुट्टी होने पर वह पैदल अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात साईकिल सवार ने उसके टक्कर मार दी। जिससे रिशव के पैर में चोट लग गयी। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का पर्यावरण मंत्री ने किया शुभारम्भ

**▸ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम, जीते मेडल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन के द्वारा तृतीय जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलीत कर तथा वन्दे मातरम थीम के साथ किया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, प्रो0 डॉ. बंदना द्विवेदी, डॉ. रजनी सरीन, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, डीएस राठौर, डीआईओएस नरेन्द्र पाल, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, पर्यावरण विशेषज्ञ गुन्जा जैन, अंजुम दुबे, लक्ष्मण टण्डन, योगेश शुक्ला, मोहनलाल अग्रवाल, सुशांत गुप्ता, वासुकी नाथ ओझा, शीश मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में सनी दिवाकर, निकेता दुबे, सिमरन कन्नौजिया, रसिका यादव, सिद्धि कुशवाहा, कशिश, मुस्कान राजपूत, रूबी, आदित्य राठौर, मुस्तफीज रहमान, उपासना, दिपांजली बाथम मौजूद रहे। डॉ. रजनी सरीन, अजय प्रताप सिंह, कर्मवीर सिंह यादव एवं समस्त कर्मचारी तथा सहयोगी अभिभावक के साथ आदि लोग प्रतियोगिता के अवसर पर मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सब जूनियर बालक वर्ग अंडर-21 में शिवांश राजपूत प्रथम, श्रेयांश शाक्य द्वितीय, शिवाय गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक अंडर-23 में सारांश कुशवाहा प्रथम, अभय सिंह द्वितीय, रिषिध राजपूत तृतीय रहे। सब जूनियर बालक अंडर-29 में शौर्य प्रथम, सक्षम पाल द्वितीय, अथर्व सिंह तृतीय, हर्ष चतुर्थ स्थान पर रहे। सब जूनियर अंडर-38 वर्ग में अरिहंत गंगवार प्रथम, पार्थ द्वितीय, तनिष्क सिंह तृतीय, सक्षम राजपूत चतुर्थ स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक वर्ग में अमन श्रीवास्तव विजेता रहे। बालक वर्ग 50 किलो भार वर्ग में देवांश प्रथम, कुनाल राजपूत द्वितीय, सक्षम सिंह तृतीय, तैयब चतुर्थ स्थान पर रहे। सब जूनियर अंडर-20 बालिका वर्ग में रिद्धिमा वर्मा प्रथम, प्रियंका द्वितीय, आराध्या तृतीय, इशानी चतुर्थ स्थान पर रही। सब जूनियर बालिका अंडर-24 वर्ग में शैलजा सिंह प्रथम, जिज्ञासा द्वितीय, अक्षरा सिंह तृतीय रही। सब जूनियर अंडर-26 में समृद्धि विजेता रही। सब जूनियर बालिका अंडर-29 में अमिता सिंह प्रथम, अन्वी सिंह द्वितीय, दिशा तृतीय रही। सब जूनियर अंडर-32 में श्रेयांशी प्रथम, अंशिका सिंह द्वितीय, इशिका राजपूत तृतीय रही। सब जूनियर अंडर-35 में दिव्यांशी प्रथम, वैष्णवी मिश्रा द्वितीय, आस्था गंगवार तृतीय, श्रुति चतुर्थ रही। सब जूनियर बालिका अंडर-38 में सनया देवी प्रथम, अर्नवी द्वितीय, वैष्णवी तृतीय, आरना चतुर्थ रही। सब जूनियर अंडर-41 सुभि प्रथम, श्रेयांशी राज द्वितीय, ओसमी यादव तृतीय, अस्मिता कटियार चतुर्थ स्थान पर रही। सभी खिलाड़ियों की प्रतियोगिता ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई।



मंत्री का स्वागत करते अजय प्रताप, प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

## मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सम्मान के प्रति किया गया प्रेरित



मिशन शक्ति कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रेरक महिलाओं का सम्मान में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित कार्यक्रम अनंता सम्मान-प्रेरक महिलाओं का सम्मान का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि रणजीत सिंह यादव एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा प्रेरक महिलाओं का प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संचालन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने किया। इस मौके पर डॉ. बिंदु राठौर, डॉ. सेरीन, डॉ. अनुपम शाक्य, डॉ. गीता सिंह सेंगर मौजूद रहीं।

# हिन्दूवादी नेताओं ने डीएम से गौ तस्करों पर कार्यवाही की उठायी मांग



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा गौवध करके हड्डियां व सींग, मांस एवं गर्दन की तस्करी करने के विरोध में कार्यवाही की मांग जिलाधिकारी से की गई।

सोमवार को हिन्दूवादी नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि 29 अक्टूबर बुधवार को मदर इंडिया कोल्ड के सामने ठंडी सड़क स्थित पेट्रोल पंप के पीछे एक खंडहर में गौवध की हड्डियां, सींग, मांस, खाल आदि की अवैधानिक तस्करी की जा रही थी। जिसको रंगे हाथों मौके पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा था। चौकी व थाने की पुलिस मौके पर गयी थी। इतना बड़ा गंभीर मामला होने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुई है और मौके पर पांच लोगों को गिरफ्तार कर एफआईआर भी दर्ज की गई थी। गौहत्या निषेध है। इस प्रकार अवैधानिक गौ हत्याओं को अंजाम दिया जा रहा था, बरामद होने के बाद ठोस कार्यवाही नहीं हुई है, इससे सनातन कार्यकर्ताओं में निराशा है, शीघ्र ठोस कार्यवाही करने की मांग की गई है। जिला महामंत्री सनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, साहिल मिश्रा, शिवम गुप्ता, अनूप सक्सेना, लवी सैनी, अमन यादव, सत्यम मिश्रा, रिषव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



पदयात्रा को झण्डी दिखाते डीएम

## वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम से फतेहगढ़ चौराहा होते हुए अंबेडकर तिराहे से वापस स्टेडियम तक पद यात्रा का आयोजन किया गया। इसके बाद स्टेडियम पहुंचकर वंदेमातरम का सामुहिक गायन किया गया। पदयात्रा में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पी.डी. डी.आर.डी.ए., जिला आबकारी अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, एन.सी.सी, पी.आर.डी. व विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुये।

# फर्रुखाबाद स्थापना दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद स्थापना दिवस के उपलक्ष में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में फर्रुखाबाद से संबंधित क्विज प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। प्रधानाचार्या ने फर्रुखाबाद के इतिहास के विषय में सभी को अवगत कराया। शिक्षिका पूनम शुक्ला के नेतृत्व में फर्रुखाबाद स्थापना दिवस के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चेतना कुशवाहा, सोनम दिवाकर, दीक्षा गिहार, इल्मा, दिव्यांशी मिश्रा, पूजा मिश्रा, राधिका, सुनैना सक्सेना, अंशिका मिश्रा, मोनिका राठौर, अंशिका शुक्ला विजेता रही।

कार्यक्रम में दर्शना शुक्ला, दिव्या सिंह, अंजलि, मंजू, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर व समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# यदि मनुष्य आनंद एवं शांति चाहता है तो उसे भगवान की शरण में जाना चाहिए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महापुराण परमात्मा श्रीकृष्ण चन्द्र विग्रह शरीर है, भागवत महापुराण कथा, श्रीकृष्ण चन्द्र में कोई अंतर नहीं है। दोनों ही ज्ञान के प्रकाशक है, लेकिन भगवान से भी महत्वपूर्ण है। भगवान की दिव्य कथा, वह कथा जीव को भगवान का परिचय कराकर जीव के हृदय में भागवत प्रेम एवं भक्ति को उत्पन्न करके भगवान से मिलने का कार्य सम्पन्न करती है। अगर कथा न हो तो भगवान को कौन जानेगा, तथा कौन पहचानेगा। हनुमान जी महाराज कथा के लोभ से ही भगवान श्रीराम के साथ साकेतधाम न जाकर इसी पृथ्वी पर रह गये। श्रीमद् भागवत कथा किसी साम्प्रदाय विशेष के लिए नहीं है, अपितु प्रत्येक जीव को परम सत्य तक पहुंचाने वाली कथा है। लोको रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज ने कहा कि सम्प्रदाय भिन्न-भिन्न हो सकते है, जीव मात्र का लक्ष्य है परम सत्य का प्राप्त कर लेना। श्रीमद् भागवत कथा देश काल एवं व्यक्ति की दूरी को मिटाकर जीव के हृदय में परमात्मा को पकट करके परमात्मा से एकाकार कर देती है।



पूजन के दौरान मौजूद भक्तगण

आज के समय में यह जीव परमात्मा को भूलकर सुख शांति की खोज में अतिव्यस्त है, संसार से संबंध जोड़कर संस्कारित संबंधों को येन केन प्रकारण संतुष्ट करके अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेता है, लेकिन संसार से संबंध जोड़ने का अर्थ है, अपने को असत्य जड़ एवं दुखों से परिपूर्ण कर देना। क्योंकि संसार असत्य, अज्ञानमय एवं दुखमय है, लेकिन जब यह जीव अपने जीवन में कथा का आश्रय लेकर भगवान का चिंतन करता है तो यह अपने जीवन को सत्य, चैतन्य ज्ञान एवं आनंद से भर देता है। प्रत्येक जीव इस संसार में आनंद, सुख शांति की खोज में व्यस्त है, लेकिन जो वस्तु जहां नहीं है उसे कितना भी खोजो वह मिलने वाली नहीं है। संसार दुखों का सागर है, यदि मनुष्य आनंद एवं शांति चाहता है तो उसे भगवान की शरण में जाना चाहिए। भागवत कथा अमृत प्रदान करने वाली कथा है।

ईश्वर का अंश यह जीवन अक्षर अमर अविनाशी है, लेकिन जीव अपने वास्तविक स्वरुप से भटक कर अपने को शरीर अनात्मा एवं मरण धर्मा मानने लगता है और दुखी होता है, लेकिन यह कथा जीव को उसके अजर, अमर, अविनाशी, वास्तविक स्वरुप का परिचय कराकर अपने अमृत्व का बोध कराती है, तथा मृत्यु के भय से मुक्त कर देती है। आचार्य ने बताया कि भगवान की कथा दिव्य कथा गंगा की धारा है। इसमें गोता लगाकर अपने हृदय में ज्ञान और वैराग्य की जाग्रति करके जीवन को धन्य कर सकते है। इस अवसर पर गोविंद पाण्डेय, दीक्षा पाण्डेय, शिव कुमार शास्त्री, सरला पाण्डेय, अंजुम दुबे, रामवीर सिंह चौहान, बबिता पाठक, सभासद बिटान देवी, डा0 रजनी सरीन, डा0 वंदना द्विवेदी, गुंजा जैन, सत्यमोहन पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में महिलायें व भक्तगण मौजूद रहे। कथा से पूर्व सुबह कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कलश यात्रा में भाग लिया।

# पाञ्चाल शोध द्वारा फर्रुखाबाद के स्थापना दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न



बैठक में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पाञ्चाल शोध एवम विकास समिति के तत्वावधान में फर्रुखाबाद के स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने की। उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद अत्यंत प्राचीन जनपद है। 1714 में बंगश ने तो 52 गांवो को जोड़कर फर्रुखाबाद नाम दिया था, प्राचीन कम्पिल्य, संकिसा जैसे स्थान इसकी प्राचीनता के प्रमाण हैं। संयुक्त सचिव भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहम्मद खां बंगश के वंशजों का प्रभाव 1764 के आसपास समाप्त होने लगा था और यह क्षेत्र अवध के नवाब के अधिकार में आ गया। अंग्रेजों ने जनपद बनाये जाने की प्रक्रिया 1775 के आसपास शुरू हुई थी। फर्रुखाबाद जनपद बनाने के लिए अवध के नवाब से अंग्रजो ने दस नवम्बर 1801 को समझौता किया और साढ़े चार लाख मुआवजा देकर जनपद बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी। 1802 में यहां मिन्ट मास्टर यानि कोषाधिकारी की नियक्ति हुई। 6 मिन्ट मास्टर के बाद कलेक्टर की नियुक्ति हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य अनिल सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश सिंह राठौर, राजीव बाजपेयी, प्रदीप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, भानु प्रकाश मिश्र, शरद चन्देल, मेवाराम पाल आदि उपस्थित रहे। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।

## अमेठी जदीद में गोवंश के बच्चे का कटा मिला सिर

**▸ हिन्दूवादी नेताओं ने किया हंगामा, पुलिस ने पहुंचकर की जांच**



गोवंश के सिर को कब्जे में लेती टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को अमेठी जदीद मोहल्ले में एक माह के गोवंश का कटा सिर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर तत्काल बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंच गये और पुलिस को सूचना दी। मौके पर थानाध्यक्ष ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और गोवंश के सिर को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। यह गोवंश मंदिर से मात्र 50 मीटर की दूरी पर मिला है। हिन्दूवादी नेताओं ने थानाध्यक्ष से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मौके पर विभाग संयोजक अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला सहसंयोजक रोहन मिश्रा, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र, नगर मंत्री सिद्धांत, नगर सहसंयोजक चंदन, नगर संयोजक आर्यन मिश्रा, सहसंयोजक आर्यन वर्मा, उपासना, अनुज, गौरक्षक सचिन शर्मा, कार्तिक सक्सेना, प्रखंड संयोजक अभय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# किसान यूनियन ने सभी ब्लाकों में समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**▸ देश की तरक्की का रास्ता किसान के घर से होकर जाता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट ने जनपद के सातों ब्लॉकों में किसानों और ग्राम पंचायत की समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया। जिसमें ब्लॉक बढ़पुर, राजेपुर में जिलाध्यक्ष ने अध्यक्षता की। वहीं ब्लॉक बढ़पुर में ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम शाक्य के साथ विकास विमलेश शाक्य, मुकेश शर्मा, अरविंद गंगवार, विजय सिंह शाक्य, रामप्रकाश पाल, अनुज राजपूत उपस्थित रहे। वहीं राजेपुर में ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ टिंकू यादव, अनीश सिंह, सोनू सोमवंशी, अशोक यादव, संजीव सोमवंशी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सुशील दीक्षित, अजयपाल यादव, उपस्थित रहे। कमालगंज ब्लॉक में कार्यक्रम प्रभारी जिला महासचिव अभय यादव, पवन जोशी,बरजोर सिंह राजपूत उपस्थित रहे। मोहम्मदाबाद ब्लॉक में राजीव उर्फ बड़े यादव, सुबोध यादव, संजीव यादव, दिनेश सिंह, राजेश यादव रहे। शमसाबाद ब्लॉक में सतीश कठेरिया, गोपी शाक्य, राजेश गंगवार रहे। नवाबगंज ब्लॉक में अंकेश गंगवार, अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी रहे। कायमगंज ब्लॉक में प्रदीप यादव, ब्रजेश गंगवार, कश्मीर गंगवार उपस्थित रहे।



ज्ञापन सौंपते किसान नेता

सभी ब्लॉकों में ग्राम पंचायत के ग्राम अध्यक्षों के माध्यम से शिकायतें एकत्रित की गई और खंड विकास अधिकारी को संबोधित मांग पत्र सभी ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया।

मांग पत्र में दर्ज सभी शिकायतों का जल्द निस्तारण करने को कहा गया, यदि निस्तारण समय पर नहीं हुआ तो उन्हीं अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जीजीआईसी में धूमधाम से मनाया गया वंदेमातरम गीत का उत्सव



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया। एनसीसी प्रभारी गुलशन जहां द्वारा कार्यक्रम नोडल की भूमिका अदा की गई। एनसीसी कैडेट्स ने पदयात्रा में उत्साह के साथ प्रतिभा किया। विद्यालय में निबंध, भाषण कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वंदे मातरम तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सोना यादव, अदीबा, मुस्कान, चाहत, सुची, प्रांजल, अस्मिता, सुहानी, रिया, रूबी आदि छात्राओं ने उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने देशभक्तिपूर्ण अभिव्यक्ति की प्रशंसा की और कहा अपने राष्ट्र के गौरवपूर्ण इतिहास का स्मरण सदैव रहना चाहिए। शिक्षिका गुलशन जहां ने एनसीसी कैडेट्स को हमेशा अनुशासन और देश के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर आरती यादव, शैलजा मौर्य, सरिता बाजपेई, ज्योति ने भी प्रतिभाग कर एनसीसी कैडेट्स और छात्राओं की हौसला आफजाई की।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वीं वर्ष पर रैली का हुआ आयोजन

**▸ फर्रुखाबाद स्थापना दिवस पर प्रतियोगितायें सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय पदयात्रा में रखा बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिवस को उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया।

प्रातः ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में पहुंचकर छात्राओं ने भाग लिया और बड़े चौराहे होते हुए डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा होते वापस स्टेडियम तक रैली पहुंची। जहां समापन हुआ। जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक आदि ने सहभागिता की। वंदेमातरम गीत डीडीओ के साथ जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने गाया। रखा विद्यालय की समस्त कक्षा-9, 10, 11 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षिका वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौल, राजेश व अर्जुन सिंह ने भाग लिया। वहीं रखा बालिका इंटर कालेज में जनपद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।




रैली में भाग लेती छात्रायें व शिक्षिकायें

फर्रुखाबाद स्थापना दिवस पर वाद-विवाद, निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने फर्रुखाबाद के इतिहास पर प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

# देशवासियों के मन में देश भक्ति के भाव हो जागृत: डीएम

**▸ कलेक्ट्रेट में विचार गोष्ठी व परिचर्चा का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने व फर्रुखाबाद के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार विचार गोष्ठी/परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्मृति अग्निहोत्री द्वारा मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एनएकेपी शशिकिरण सिंह, डॉ0 शिवओम अम्बर, डॉ0 रजनी सरीन ने अपने विचार रखे। विधायक ने वंदेमातरम की महत्ता पर प्रकाश डाला। डीएम ने कहा कि देशवासियों के मन में देशभक्ति के भाव को जागृत करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है। सभी को वंदे मातरम का गायन करना चाहिए एवं इसको याद करना चाहिए। संचालन भूपेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा, महामंत्री भाजपा, जिला विकास अधिकारी व सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि

## गंदगी फैलाने से मना करने पर मां-बेटे को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित कश्मीर पुत्र वेदराम ग्राम कतरौली पट्टी थाना कमालगंज का रहने वाला हूँ। पीड़ित के घर के सामने बह्मदेव स्थान है। उसी स्थान पर आज दिनांक 09.11.25 को सुबह 8 बजे गांव के पडोसी राजेन्द्र पुत्र सोनेलाल, अरुण पुत्र सोनेलाल और पुष्पेन्द्र आलोक पुत्रगण राजेन्द्र उक्त लोगों ने गंदगी फैलायी। जब विरोध किया, तो उक्त लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डण्डो से मारापीटा। बीच बचाव करने आई वृद्ध मां निर्मला के साथ भी उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट मे पीड़ित व उसकी की मां निर्मला के शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# किसानों को न हो कोई असुविधा : मण्डलायुक्त

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने जंगी रोड मिर्जापुर स्थित मण्डी समिति मे भारतीय खाद्य विभाग व राज्य कृषि विपणन के द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र पर पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया।

मण्डी समिति मे खाद्य विभाग द्वारा संचालित प्रथम केन्द्र पर मण्डलायुक्त के पहुंचने पर केन्द्र प्रभारी अजय कुमार उपस्थित पाए गए। केन्द्र पर झन्ना, दो इलेक्ट्रानिक कांटा, बैनर, धान के लिए सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था, नमी मापक यंत्र, 1000 बोरा आदि सभी व्यवस्थाएं पाई गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि भण्डारण स्थल पर धान को सुरक्षित रखने हेतु बोरे के नीचे बल्लियों/पटरा को रखकर बोरा रखा जाए ताकि धान को सीलन व आदि से बचाया जा सके। केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर कुल

- मण्डलायुक्त ने मण्डी समिति में संचालित तीन धान क्रय केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण
- धान खरीद में केन्द्र प्रभारी धान क्रय नीति का करें अनुपालन

2500 कुन्तल लक्ष्य निर्धारित है अभी तक 56 कुन्तल धान की खरीद की गई वर्षा होने के कारण धान का आवक कम हो गया है आज कोई खरीद नही की गई। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा संचालित क्रय केन्द्र द्वितीय पर केन्द्र प्रभारी प्रियंका दूबे द्वारा बताया गया कि अभी इस केन्द्र पर धान की आवक नही हुई है। उनके द्वारा बताया गया कि बोरा पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है केन्द्र पर दो इलेक्ट्रानिक कांटा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू ढंग से



पाई गई। मण्डी समिति मे ही राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के केन्द्र प्रभारी आकाश मिश्रा ने बताया कि इस केन्द्र पर अभी तक 37.20 कुन्तल धान की खरीद की गई है केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं कराई गई है। मण्डलायुक्त ने कहा कि धान क्रय केन्द्रो पर पर्याप्त भंडारण सुविधा उपलब्ध हो तथा धान का उठान समय से किया जाए।

सभी केन्द्रो पर डबल जाली का झन्ना, किसानो के लिए पेयजल की व्यवस्था, प्रसाधन व्यवस्था, किसानो के लिए प्रतीक्षालय/टेंट की सुविधा उपलब्ध हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कृषको को 48 घण्टे के भीतर एम0एस0पी0 का भुगतान सुनिश्चित करा दिया जाए। मण्डलायुक्त ने सभी केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीद केन्द्रो पर धान क्रय नीति मे उल्लिखित सभी बिन्दुओ का अक्षरश पालन किया जाए ताकि कृषको के धान को पारदर्शिता के साथ क्रय किया जा सकें। किसी भी केन्द्र पर बिलौलियो की भागीदारी सुनिश्चित न किया जाए सीधे किसान से ही धान क्रय किया जाए बिचौलियो की जानकारी होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रभारी किसानो से सम्पर्क कर धान खरीद मे प्रगति लाए ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण किया जा सके।

केन्द्रो पर पंजीकरण रजिस्टर आदि प्रपत्रो के निरीक्षण के दौरान कहा कि कृषको के पंजीकरण मे भी अपेक्षित प्रगति लाए तथा सम्बन्धित तहसील से सत्यापन भी कराया जाए। मण्डल मे किसानो के धान को पारदर्शिता के साथ क्रय करने के लिए विभिन्न एजेंसियो के 217 धान क्रय केन्द्र बनाए गए है जिसमे जनपद मीरजापुर मे 111, सोनभद्र मे 76 तथा भदोही मे कुल 30 क्रय केन्द्र संचालित है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपया प्रति कुन्तल निर्धारित है।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु प्राथमिक विद्यालय महुगढ़ में सोमवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया छात्राओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

# डीएम ने राजस्व वाद, कर एवं करेत्तर व आईजीआरएस की करी समीक्षा

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यज।**



- आईजीआरएस की समीक्षा में वन विभाग व प्रबंधक लीड बैक के अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर डीएम ने नारागजी व्यक्त करते हुए सुधार लाने का दिया निर्देश

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे राजस्व वाद/कर एवं करेत्तर/स्टाफ मीटिंग व आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक मे अपर जिलाधिकारी भू/रा देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी लालगंज महेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा सहित सभी तहसीलदार, नायब व सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मासिक व वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व प्राप्ति की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बड़े बकायेदार है जिनकी आरसी कटी हुई उन सभी की उप जिलाधिकारी समीक्षा करे। कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान आईजी स्टाम्प, जीएसटी, परिवहन, विद्युत के द्वारा वार्षिक लक्ष्य से कम वसूली पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मासिक व वार्षिक लक्ष्य की वसूली का करने का निर्देश दिया। उन्होंने जीएसटी विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो व्यापारी जीएसटी के दायरे मे आ रहे हो उन सभी व्यापारियो का जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाते हुए लोगो को जीएसटी के बारे मे बताए व नए व्यापारियो का रजिस्ट्रेशन करवाएं व समय-समय पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित करते हुए कहा कि बड़े बकायेदार से नियमानुसार वसूली करे। स्टाफमीटिंग की समीक्षा के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा-34 मे 05 वर्ष से अधिक, एक वर्ष से तीन वर्ष, 06 माह से एक वर्ष तक के सभी वादो का नियमानुसार समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी धारावार अपने तहसीलो मे स्वंय इसकी मासिक समीक्षा करते हुए धारा-34 के लम्बित वादो को निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। धारा-67, धारा-24 व धारा-80 के वादो का भी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस की समीक्षा मे जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने वाले विभागो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण से पूर्व अधिकारी मौके पर जाकर दोनो पक्षो की उपस्थिति मे मामले का निस्तारण करते हुए उनका बयान लेकर निस्तारण आख्या के साथ अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी फरियादियों से सम्पर्क फीडबैक लिया जा रहा है अतएव जिस विभाग के असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा मे वन विभाग के 07 प्रकरणो मे 07 व प्रबंधक लीड बैंक के 08 मे से 07 का फीडबैक शासन स्तर से फीडबैक लिए जाने पर असंतुष्ट प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. पवन मिश्रा की लिखी पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल होने से क्षेत्र के छात्रों को मिलेगी सुविधा



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया कस्बा निवासी डॉ. पवन मिश्रा, जो जगतपुर पीजी कॉलेज, वाराणसी में सहायक प्रोफेसर (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के पद पर कार्यरत हैं, ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए व्यावसायिक हिंदी लेखन विषय पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी है। यह पुस्तक विद्यापीठ के कौशल विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत शामिल विषय व्यावसायिक हिंदी लेखन पर आधारित है। इसका प्रथम संस्करण हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इस पुस्तक में विद्यार्थियों को व्यवसायिक लेखन के विभिन्न रूपों जैसे पत्राचार, रिपोर्ट, विज्ञापन, आवेदन, समाचार लेखन, नोटिस आदि को सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया है। पुस्तक के पाठ्यक्रम में शामिल होने से क्षेत्र के छात्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी, क्योंकि यह स्थानीय लेखक द्वारा तैयार की गई ऐसी पहली पुस्तक है जो सीधे विद्यापीठ के प्रश्नपत्र और पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर लिखी गई है। डॉ. पवन मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय, हलिया से हुई। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा मुनि अगस्त इंटर कॉलेज, हलिया (मिर्जापुर) से प्राप्त की, जबकि स्नातक की पढ़ाई सी.एम.पी. कॉलेज, प्रयागराज से पूरी की। आगे उन्होंने पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन और लेखन के माध्यम से सक्रिय योगदान दिया है। इस अवसर पर जगतपुर पीजी कॉलेज, वाराणसी के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल प्रताप सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नंदलाल शर्मा एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मिश्रा को इस शैक्षणिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और पुस्तक को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। यह पुस्तक विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा की दृष्टि से मार्गदर्शन देगी, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन में हिंदी लेखन के पेशेवर स्वरूप को समझने की दिशा में भी प्रेरित करेगी।

### महिलाओं को अपराधों से लड़ने की दी जानकारी



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में बहू–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरंदरपुर थाने की पुलिस और मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। ग्राम पंचायत खालिक गढ़ टोला सोनराडीह में चौपाल शैली में संवाद आयोजित किया गया। इसमें महिला उपनिरीक्षक नेहा कुमारी और महिला कांस्टेबल खुशबू पांडे ने सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के तरीकों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 181, 112, 102, 1076 आदि की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में दहेज उत्पीड़न, हत्या, छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। महिला सब इंस्पेक्टर नेहा कुमारी ने महिलाओं को अन्याय के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाने और अपनी बात खुलकर रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गांव की महिला प्रधान गायत्री साहनी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, विधवा पेंशन, कन्या योजना, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और किशोरी शक्ति योजना सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में बताया। सम्मेलन में महिलाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : बजरंगबहादुर



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा तहसील क्षेत्र के बृजमनगंज में सांसद खेल स्पर्धा 2025 का सोमवार को आयोजन हुआ। यह स्पर्धा नगर पंचायत के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज परिसर में प्रारंभ हुई। फरेंदा विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर खेल का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने में बल मिलेगा।इस स्पर्धा में ग्रामीण क्षेत्र के जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण कराया। इनमें कबड्डी, खो–खो, दौड़, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हरिश्चंद्र सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख उदय राज यादव, मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, नोहर सिंह, जेपी गौड़, मनोज जायसवाल, शिक्षक नीतीश मिश्रा और नागेंद्र चौरसिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। क्षेत्र के बालक–बालिका खिलाड़ियों ने भी इसमें भाग लिया।

# सॉफ्ट स्किल कार्यशाला व प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नात?कोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ 0) माधवी शुक्ला के नेतृत्व में पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। यह कार्यशाला आई.सी.टी. और सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आधारित है। कार्यशाला के प्रथम दिन पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने आशीर्वचन से विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा उन्होंने डिजिटल अवेयरनेस और सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग के असि0 प्रोफेसर



डॉ0 अमित कुमार यादव ने वेब-सर्फिंग, ई-मेल, ब्राउजर और साईबर सेक्यूरिटी विषय पर पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में बी0एड0 विभाग के असि0 प्रोफेसर डॉ0 दीपक कुमार सिंह ने साईबर सेक्यूरिटी और डिजिटल अरेस्ट के बारे में विद्यार्थियों का विस्तार से बताया।

इस कार्यशाला का संचालन कार्यशाला के संयोजक डॉ0 शिवकुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने किया।

इसी क्रम में रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन हुआ। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो (डॉ) माधवी शुक्ला ने की। उन्होंने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राओं को अनुशासन सिखाता है एवं साथ ही सेवा भाव की भावना विकसित करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन ट्रेंनिंग काउंसलर, चुनार प्रदीप कुमार मौर्या ने किया। स्वागत भाषण रेंजर प्रभारी डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रोवर लीडर डॉ रजनीश ने किया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों मुकेश कुमार सिंह (जिला संगठन, कमिश्नर स्काउट, मिर्जापुर), संगीता विश्वकर्मा (जिला संगठन कमिश्नर गाइड मिर्जापुर) के साथ ही डॉ चंदन साहू, डॉ दीप नारायण,डॉ अरविंद कुमार, डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति, डॉ0 अवधेश सिंह यादव, डॉ नलिनी सिंह, डॉ. शेफालिका राय, डॉ. चंदन द्विवेदी, डॉ. रीता मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र, डॉ अदिति सिंह, डॉ. मंजुला शुक्ला, डॉ0 धर्मेंद्र कुमार, कमलेश शुक्ला एवं समस्त रोवर्स रेंजर्स के अतिरिक्त महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने डुप्लीकेट मतदाता सूची की प्रगति की जानी हकीकत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायतों की चुनावी प्रक्रिया के तहत डुप्लीकेट मतदाता सूची अपलोड करने के कार्य का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सदर तहसील और घुघुली ब्लॉक में गणना प्रपत्रक के आधार पर किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदाता सूची अपलोड करने में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में ढिलाई स्वीकार्य नहीं है और मतदाता सूची को जल्द से जल्द अपलोड किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि जिस स्तर पर भी लापरवाही बरती जा रही है, उसकी सूचना दी जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी के निरीक्षण में सामने



आया कि सदर तहसील में 118 केंद्रों की सूची अपलोड करने के लिए 12 कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात हैं। वहीं, घुघुली ब्लॉक में 295 केंद्रों की मतदाता सूची के लिए 15 कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत थे। डुप्लीकेट मतदाता सूची अपलोड का यह कार्य सभी ब्लॉकों में जारी है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, सदर एसडीएम जितेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार सदर और घुघुली के खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु आईएएस ने ग्रामीणों से ली योजनाओं की जानकारी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

छह प्रशिक्षु आईएएस गंगा धारी विक्रम, डंडिन वांग चु, सुरष्टि सुरेश, मोना जखर, प्रिया राजन, योगेश राजपूत ने सोमवार को क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आकांक्षी ब्लॉक हलिया के ग्राम पंचायत गुर्गी के पंचायत भवन पर पहुंचकर ग्रामीणों से शासन से मिलने वाली योजनाओ के संबंध में जानकारी लिया है।

ग्राम पंचायत सचिव चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षु आईएएस को जानकारी देते हुए बताया की जनगणना के अनुसार कुल आबादी 2852 व 2400 मतदाता है ग्राम पंचायत में पेयजल के लिए 50 हैण्डपम्प व 12 कुआ है। हर घर नल जल योजना के तहत टोंटी के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जा रहा



है। 584 जॉबकार्ड बनाये गए है कुल 302 लोगो को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है। 356 लोगो को आवास के लिए सर्वे किया गया है। 149 वृद्धा पेंशन 37 निराश्रित पेंशन 4 विकलांग पेंशन ग्राम पंचायत गुर्गी में चार प्राथमिक विद्यालय व एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है।

सीएम फेलो गौरव सिंह ने आकांशी ब्लॉक के 49 सूचकांक की जानकारी दिया है जिसमे स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, पशु पालन विभाग द्वारा सूचकांक पर कार्य करते है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की गुर्गी में उप स्वास्थ्य केंद्र, व सीएचओ सेंटर है जिसके माध्यम से टीकाकरण, दवाईया आदि वितरित किया जाता है। जननी सुरक्षा योजना, नसबन्दी, आयुष्मान कार्ड की जानकारी दिया है प्रशिक्षु आईएएस सुरष्टि ने उपस्थित आशा वर्कर से कार्य के बारे में जानकारी लिया है जिसमे आशा द्वारा कार्य की जानकारी दिया है। आशा वर्कर से मानदेय की जानकारी लिया जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा आशा वर्कर को कार्य के अनुसार मानदेय मिलने की जानकारी दिया है। सीडीपीओ दिलीप वर्मा ने बाल विकास विभाग की योजनाओ की जानकारी दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव से प्रशिक्षु आईएएस द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी लिया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की 64 उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षु आईएएस ने मनरेगा श्रमिक से कार्य व भुगतान की जानकारी लिया है।

राशन वितरण की जानकारी भी ग्रामीणों से जानकारी लिया है। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, सीडीपीओ दिलीप वर्मा, बीईओ प्रकाश चंद्र यादव, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय, ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्या, भटवारी राजेश कुमार, सीएचओ सीमा आदि मौजूद रहे।

# अधीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण पर दिया विशेष जोर

सीएचसी सदर के सभागार में सोमवार को एएनएम की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें अधीक्षक डॉ.केपी सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण से लेकर पोर्टल पर डेटा फीडिंग तक की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया।

अधीक्षक ने सभी एएनएम को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में 100 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण पोर्टल पर समय से अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अपूर्ण जानकारी मिलने पर संबंधित स्वास्थ्यकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की कई योजनाएं डिजिटल रूप से मॉनिटर की जा रही हैं। ऐसे में पोर्टल पर सही और समय पर डेटा फीड करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, पोषण ट्रैकिंग, परिवार नियोजन और शिशु स्वास्थ्य संबंधी सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज किए जाएं, ताकि विभागीय समीक्षा के लिए सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके।

बैठक के दौरान अधीक्षक ने मिशन इंद्रधनुष, प्रसूता सहायता योजना, मातृ व बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं।

इस बैठक में बीपीएम, बीसीपीएम, एलटी, आशा संगिनी सहित सभी संबंधित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल ने पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया : ज्ञानेंद्र



- सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर उमड़ा जन सैलाब

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पनियरा में आज सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य एकता पदयात्रा निकाली गई। लगभग 5 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। यह यात्रा इलाहाबाद चौराहे से शुरू होकर बैजू देहरा और बड़वार मार्ग से होते हुए दुर्गा मंदिर चौराहा तक पहुंची।

पूरे मार्ग में स्थानीय लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। दुर्गा मंदिर चौराहा पर नगर पंचायत के व्यापारियों ने भी भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा पनियरा ब्लॉक परिसर पहुंचकर संपन्न हुई, जहाँ एकता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार पटेल एक सामान्य परिवार से निकलकर देश की एकता के प्रतीक बने। उन्होंने पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत हर वर्ष एकता यात्रा निकाली जाती है, जो सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। पदयात्रा के प्रभारी रहे पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह ने भी लोगों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

इस पदयात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक संगठन और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजय पांडेय सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ सदर जयप्रकाश त्रिपाठी और थानाध्यक्ष पनियरा राघवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पूरी तत्परता से तैनात रहे। इस एकता पदयात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता और जनजागरण का संदेश प्रसारित किया।

# आशा कार्यकत्रियों का प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी

- राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग पर अड़ीं कार्यकत्रियां

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा पर आशा कार्यकत्रियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार आज सातवें दिन भी जारी रहा। आशा कार्यकत्री एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदर्शन कर रही कार्यकत्रियों की प्रमुख मांग उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देना है।

यह धरना एसोसिएशन की ब्लॉक अध्यक्ष रीना सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यकत्रियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि बढ़ती



महंगाई के कारण उन्हें घर चलाने, बच्चों के इलाज और स्कूल फीस का भुगतान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकत्रियों ने विभागीय अधिकारियों और सरकार पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। उनका कहना है कि उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। आशा कार्यकत्रियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता और उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में सैकड़ों आशा कार्यकत्रियां शामिल थीं।

# भारतीय किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की महाराजगंज इकाई ने आज सोमवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केवलपुर खुर्द और सलामतगढ़ ग्राम पंचायतों के रोहिन नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा के लिए बांध और ठोकर निर्माण की मांग का उल्लेख गया था। भाकियू के सुरेश चंद्र साहनी ने बताया कि रोहिन नदी के किनारे बसा यह क्षेत्र अत्यधिक पिछड़ा है। यहां के निवासियों को हर साल बाढ़ की त्रासदी का सामना करना पड़ता है। बाढ़ के मौसम में केवलापुर खुर्द, बागापार, चानकी, जीवनापुर, चटा टोला, सलामतगढ़, आराजी सुबाऐन, पिपरहवा, औरहवा, जिगनियावा,



मगरहिया, सोनाडीह, रानीपुर और गौहरपुर सहित दर्जनों गांव जलमग्न हो जाते हैं। इससे फसलों को भारी नुकसान होता है।

यूनियन ने मांग की है कि केवलापुर खुर्द के जीवनापुर और सलामतगढ़ के जगन्नाथपुर में ठोकर (स्पर्श बांध) का निर्माण कराया जाए। इसके अतिरिक्त, जानकी घाट से लेकर आराजी सुबाऐन तक बांध का निर्माण कर बाढ़ से बचाव के उपाय किए जाएं। ज्ञापन सौंपते समय संतराज पासवान, चन्नार, राजेश पासवान, सत्यजीत पासवान, अजय पाल, रामू पासवान, रविंद्र जैन, धर्मेंद्र सिंह, अंगद चौहान, उमेश चंद्र पासवान, गणेश चौहान, हरीश आर्या, गंगा सागर और सूर्यमन निषाद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।